हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 184, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 दिसम्बर, 2021 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

कांग्रेस, बसपा व सपा के लिये परिवार ही देश है : सीएम योगी

मथुरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

आगरा। जनविश्वास यात्रा का शुभारंभ और जनसभा को संबोधित करने के लिए मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत यमुना मैया, भारत माता और गौमाता के जयकारे लगाकर की। उन्होंने कहा कि जनविश्वास यात्रा के शुभारंभ पर आया हूं। सबसे पहले बिहारी लाल की भूमि को नमन। पहले जन्मभूमि का आशीर्वाद लेने के बाद आया हूं। 19 दिन बाद 19 दिसम्बर को आया हूं। आज की तिथि महत्वपूर्ण है। 1927 में देश की स्वाधिनताके लिए बलिदान देने वाले को फांसी दी गयी। विश्वास है कृष्ण की धरती से यात्रा कर रहा हूं। यहां के पूज्य संतों के आशीर्वाद से कुम्भ करने का अवसर मिला। तब भी आया यहां हूं। ये वही धरती है जहां का कण- कण पूज्य है। मुख्यमंत्री योगी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि कोसी का दंगा कोई भूला नहीं है। जवाहर बाग में क्या होता था। आप याद करिये। पौने पांच वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ। जो व्यापारी भगाये गए वो वापस आये। आज कोई व्यापारी या हिन्दू पलायन नहीं करता। पलायन माफिया का हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़े एक्प्रेस वे का शिलान्यास किया। पीएम ने कहा गंगा एक्सप्रेस वे प्रदेश के विकास की नींव बनेगा। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता वो कह रहे हैं। कांग्रेस, बसपा और सपा के लिये परिवार ही देश है। वो विकास के मॉडल को स्वीकार नही कर सकते। जब मथुरा वृन्दावन नगर निगम बना उन्हें अच्छा नहीं लगा। पीएम मोदी फ्री वैक्सीन देते हैं तो उन्हें अच्छा नहीं लगता। प्रदेश का अच्छा वातावरण अच्छा नही लगता। गरीब की योजना पर डकैती उन्हें अच्छी लगती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सबका साथ सबका विकास ही राम राज्य है। एक गरीब को सुरक्षा का वातावरण भाजपा ने

दिया। हमने कहा आतंकवाद मिटायेंगे। 370 धारा हटाई। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना तैयार की। पिछले चुनाव में में प्रचार करने आया था। भव्य राम लला मनादिर का मार्ग बना। पांच हजार वर्ष पहले कंस के अत्याचार पर कृष्ण आये थे। मां विंदयवासिनी में भव्य धाम बन रहा है। यही नहीं 13 दिसम्बर को काशी में सबने देखा। आज भव्य धाम बनकर तैयार है। महादेव की पूजा के बाद श्रमिकों का सम्मान किया। दुनिया के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का मान बढ़ाया। पार्टी ने सोच समझ कर मुझे वृन्दावन भेजा है। भेद भाव किसी के साथ नही किया। सबका साथ सबका विकास। फ्री में राशन दे रहे हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ने के साथ राशन दो दो बार मिल रहा है। दाल और खाद्य तेल भी दिए जा रहे हैं। कल देखा इनकम टैक्स के छापे पड़े। सपा को पीड़ा हो रही है। तीर्थ स्थल सपा में बना। क्या सपा बसपा अयोध्या धाम बनाते। जब किसी लायक नहीं तो क्या सत्ता में स्थान देना चाहिए। इसके साथ ही सीएम ने अपना संबोधन समाप्त कर दिया। इससे पहले मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर वृंदावन में बने हेलीपैड पर पहुंचा था। जहां ऊजामंत्री श्री कांत शर्मा, दुग्धविकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण समेत कई विधायको ने उनका स्वागत किया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद काफिला मथुरा के लिये रवाना हो गया। जनसभा में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री अचानक श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंच गए। यहां भागवत भवन, गर्भ गृह के दर्शन किये। प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन का कार्यक्रम नहीं था। योगी आदित्यनाथ सीएम रहते हुए अब तक पांच बार जन्मस्थान आ चुके हैं। उधर मथुरा में कार्यक्रम का आरंभ केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने अपने संबोधन से किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने कहा कि विश्वास हासिल है और उसको कायम करना है। पिछले चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन हार गया।

चीन में बड़ा हादसा, रैंप ब्रिज का हिस्सा गिरने से चार की मौत, आठ घायल

बीजिंग। चीन के हुबेई प्रांत के एझोउ शहर में एक रैंप ब्रिज का हिस्सा गिरने से चार लोगों की मौत के साथ आठ लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ये हादसा दोपहर 3.36 बजे हुआ। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को एक्सप्रेस-वे पर बने रैंप ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया। जिस समय

दुर्घटना हुई उस समय अज्ञात संख्या में लोग पुल पर काम कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि पुल पर तीन ट्रक गिर गए। सिंगल-कालम ब्रिज के नीचे एक कार दब गई, जिससे एक्सप्रेसवे का दोतरफा यातायात बंद हो गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि 198 टन वजन का एक ओवरलोड ट्रक गिरते समय दो टुकड़ों में टूट गया, जिसके नीचे दो अन्य वाहन दब गए। बचाव का नेतृत्व करने के लिए प्रांतीय गवर्नर और एक उप प्रांतीय गवर्नर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, और यातायात पुलिस अधिकारी और दमकलकर्मी आपातकालीन राहत कार्य में लगे हुए हैं।

पहाड़ों पर बर्फबारी से कांपा उत्तर भारत, ठंड से ठिठुरी राजधानी

नई दिल्ली। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफ दिख रहा है। पहाड़ों से आने वाली हवाओं के कारण पूरा उत्तर भारत शीतल लहर की चपेट में है। पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा और देश की राजधानी दिल्ली में ठिठुरन बढ़ गई है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बीते कई दिनों से बर्फबारी और हवाएं चल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से भी कम दर्ज किया गया। वहीं, आज (रविवार) 19 दिसंबर को दिल्ली में छह डिग्री तापमान मापा गया। हालांकि, सफदरजंग इलाके में सुबह 7 बजे पारा 4.4 डिग्री पड़ लुढ़क गया, जो इस मौसम का अबतक का सबसे कम दिन वाला तापमान है। दिल्ली में अगले तीन दिन शीतलहर का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आगामी तीन दिनों में दिल्ली का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 18-19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है

राजस्थान में अचानक लुढ़का पारा- हिमाचल, कश्मीर, उत्तराखंड के मैदानों में बर्फ जमने जैसा नजारा शनिवार को राजस्थान

के कई शहरों में देखने को मिला। चूरू, माउंट आबू, फतेहपुर, जयपुर के जोबनेर में पारा माइनस में चला गया। चूरू में माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस तक पारा गिर गया है। शनिवार रात चूरू में तापमान माइनस 1.1, माउंट आबू में माइनस 3 और जोबनेर में माइनस 2,डिग्री सेल्सियस पारा रहा। बीती रात प्रदेश में इस सीजन की सबसे ठंड रात गुजरी है। चुरू और माउंट आबू में मैदानी इलाकों में बर्फ की परत जमी नजर आई है। इसके अलावा हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, भीलवाड़ा में तापमान 0 से 1 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया है। जयपुर के जोबनेर कस्बे में न्यूनतम तापमान का अब तक का सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। रविवार को कस्बे में पहली बार तापमान माइनस 5 डिग्री पर पहुंच गया है। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय की मौसम वेधशाला में ओपन पान में रखा पानी पूरी तरह से बर्फ बन गया है। कस्बे में दूसरी बार लगातार तापमान माइनस में गया है। इससे पहले शनिवार को तापमान माइनस 2 डिग्री था। दिसंबर के शुरूआती 20 दिनों की बात करें तो पहली बार ऐसा हुआ है कि 2 दिन तक लगातार तापमान माइनस में गया है। क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी की वजह से पिछले 24 घंटे में सात शहरों में न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने निचले जिलों बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और सोलन में 20 दिसंबर तक भारी मौसम सर्द रहने का अनुमान जताया है। वहीं, शिमला, लाहौल एवं स्पीति में सर्द बर्फीली हवाएं चलने की आशंका जताई है।

मुक्ति दिवस समारोह में शामिल होने गोवा पहुंचे पीएम मोदी, शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। गोवा मुक्ति दिवस समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पणजी पहुंचे हैं। यहां आजाद मैदान में शहीद स्मारक पर पीएम ने श्रद्धांजलि दी। गोवा मुक्ति दिवस समारोह का आयोजन तालेगाओ के डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जा रहा है। गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने वाले भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए 'आपरेशन विजय' की सफलता को चिह्नित करने के लिए हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री पुनर्निर्मित फोर्ट अगुआड़ा जेल संग्रहालय, गोवा मेडिकल कालेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक, न्यू साउथ गोवा जिला अस्पताल, मोपा हवाई अड्डे पर विमानन कौशल विकास केंद्र और डाबोलिम-नावेलिम, मडगांव में गैस-इन्सुलेटेड सबस्टेशन सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह गोवा में बार काउंसिल आफ इंडिया ट्रस्ट के इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी आफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है

कि देशभर में चिकित्सा के बुनियादी ढांचे में सुधार और उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। इसी दृष्टि से गोवा मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 380 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक का निर्माण किया गया है। यह पूरे गोवा राज्य में एकमात्र अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, जो हाई-एंड सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं प्रदान करता है। यह एंजियोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी, लीवर ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, डायलिसिस आदि जैसी विशेष सेवाएं प्रदान करेगा। सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक में पीएम-केयर के तहत स्थापित 1000 एलपीएम पीएसए प्लांट भी होगा। लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित न्यू साउथ गोवा जिला अस्पताल, आधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है, जिसमें 33 विशिष्टताओं में ओपीडी सेवाएं, नवीनतम नैदानिक ??और प्रयोगशाला सुविधाएं और फिजियोथेरेपी, आडियोमेट्री जैसी सेवाएं शामिल हैं। अस्पताल में 500 आक्सीजन युक्त बेड, 5500 लीटर एलएमओ टैंक और 600 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) के 2 पीएसए प्लांट हैं।

कोलकाता नगर निगम चुनाव: सियालदह और टाकी ब्वॉयज स्कूल में मतदान केंद्र के बाहर बम ब्लास्ट, तीन लोग घायल

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से जारी है। मतदान के लिए लोग अपने-अपने बूथों पर पहुंच रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर पूरे कोलकाता और आसपास के शहरों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है। हालांकि, कुछ जगहों पर बम विस्फोट और हिंसा की भी खबरें सामने आ रही हैं। अभी तक दो स्थानों पर बम फेंके गए हैं। एक सियालदह और दूसरा वार्ड नंबर 36 में बम विस्फोट की खबर है। नगर निगम (केएमसी) चुनाव के लिए जारी मतदान में सुबह नौ बजे तक 10.86 प्रतिशत मतदान हो चुका है। अधिकारी ने बताया कि नगर निगम चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। शहर के वार्ड नंबर 93 के गोविंदपुरी प्राइमरी स्कूल पर मतदान के लिए लोग पहुंच रहे हैं। चुनाव के दौरान कोराना प्रोटोकॉल का भी पालन करना अनिवार्य है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से मास्क, और दूरी बनाए रखने की अपील की है। रविवार को केएमसी चुनाव भाजपा के लिए नाक का सवाल बना है, क्योंकि भाजपा केंद्रीय बलों की तैनाती के बीच निकाय चुनाव कराने की मांग कर रही थी। भाजपा ने इसके लिए हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन पार्टी को निराशा हाथ लगी। वहीं, दूसरी ओर सत्ताधारी दल टीएमसी के सामने नगर निगम चुनावों में जीत बरकरार रखने की चुनौती है। हालांकि, नगर निगम चुनाव में टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पक्ष मजबूत दिख रहा है। इससे पहले भी तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में जीत का परचम लहराया है। टीएमसी ने कोलकाता की सभी 17 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं, 2019 लोकसभा चुनावों में भी अपना दबदबा कायम रखा था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने निगम चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती वाली भाजपा की याचिका को खारिज कर दिया।

नाव पलटने से तीन लड़किया गंगा मे लापता एक महिला व नाविक को बचाया गया

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अदलहाट थाना अन्तर्गत ग्राम रैपुरिया स्थित गंगा किनारे सूरदास आश्रम पर आयोजित भण्डारे मे प्रसाद ग्रहण कर नाव से घर जाते समय बीच गंगा मे नाव पलटने से तीन लड़कियां गंगा मे लापता हो गयी ।एक महिला व नाविक को बचा लिया गया ।मौके पर मिजार्पुर व वाराणसी पुलिस पहुंच गयी । नाव पर कुल पांच लोग सवार थे ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नरायनपुर के रैपुरिया स्थित गंगा घाट पर सूरदास आश्रम मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष आयोजित भण्डारा मे शामिल होने आयी दर्शनार्थियों की नाव गंगा उस पार जाते समय पीपा पुल के रस्से मे फस कर पलट गई। जिसमे प्रमिला यादव 18 वर्ष पुत्री नखडू यादव ,गुड़ीया यादव 15 वर्ष पुत्री बालकिशुन यादव,सच्चू यादव 10 वर्ष पुत्री बालकिशुन यादव तीनो ग्राम टिकरी थाना चितईपुर वाराणसी निवासी लापता हो गयी है तथा सुशीला यादव 50 पत्नी नखडू यादव व नाविक गोलू साहनी पुत्र कल्लू

साहनी को बचा लिया गया। महिला को बचाने वाले रैपुरिया ग्राम निवासी राजबली साहनी ने बताया कि नाव पलटने की घटना के बाद तुरंत अपनी नाव लेकर मौके पर पहुच कर एक महिला सुशीला यादव को बचा लिया । साथ मे डूब रही तीन लड़किया तब तक गंगा मे लापता हो गयी । नाविक गोलू साहनी पीपापुल का रस्सी पकड़ कर अपने को डूबने से बचा लिया । ग्रामीणो ने बताया कि नाव दुर्घटना के बाद पीपापुल का निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों ने ग्रामीणो को पीपापुल से जाने को रोक दिया ।अगर जाने देते तो कुछ तैराक उन लड़कियो को गंगा मे लापता होने से बचा लेते ।घटना के बाद पीपापुल के कर्मचारी फरार हो गये । मौके पर पहुंचे सपा नेता रामराज सिह पटेल ने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मिटिंग मे ब्यस्त है ।समय पर कोई भी राहत कार्य शुरू नही हो पाया । भाजपा नेता प्रभाल सिह ,डा. विजय सिह ,सपा नेता सुनील सिह पटेल ,प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट नवीन कुमार तिवारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये ।

केरल में लगातार दो राजनीतिक नेताओं की हत्या के बाद गरमाई सियासत, धारा 144 लागू

अलप्पुझा/तिरुअनंतपुरम। केरल में एक के बाद एक दो राजनीतिक नेताओं की हत्या के बाद तनाव पैदा गया है। अलप्पुझा जिले में 12 घंटे में दो नेताओं की हत्या कर दी गई है, जिसके बाद माहौल गरमा गया है। इसके बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि घटना के पीछे कौन है और दोषियों को भी जल्द पकड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा के ऐसे जघन्य और अमानवीय कृत्य देश के लिए खतरनाक हैं और लोगों को ऐसे समूहों और उनकी घृणित गतिविधियों से दूर रहना चाहिए। केरल में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया (एसडीपीआई) के राज्य सचिव केएस शान पर शनिवार की रात उस समय बेरहमी से हमला किया गया, जब वह घर वापस जा रहे थे। उनकी पार्टी का आरोप है कि इसके पीछे आरएसएस का हाथ है। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद शान को कोच्चि के अस्पताल ले जाया गया जहां आधी रात के करीब उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस को संदेह है कि शान की हत्या के प्रतिशोध में भाजपा राज्य समिति के सदस्य श्रीनिवास पर घातक हमला किया गया। राज्य के पुलिस प्रमुख (एसपीसी) अनिल कांत ने मीडिया को बताया कि जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डेरा डाले हुए हैं और वहां अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि एडीजीपी-ला एंड आर्डर दो हत्याओं की जांच का नेतृत्व करेंगे। कांत ने यह भी कहा कि राज्यव्यापी अलर्ट की घोषणा की गई है और सभी जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि वे वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखें और यदि आवश्यक हुआ तो और अतिरिक्त बल तैनात किए जाएंगे।

बेअदबी पर 2 दिन में 2 हत्याएं : अमृतसर के बाद कपूरथला में आरोपी की पीटकर ली जान, पुलिस ने की हवाई फायरिंग

कपूरथला (पंजाब)। पंजाब में लगातार दूसरे दिन बेअदबी की वारदात के आरोपी की हत्या कर दी गई। अमृतसर के श्री दरबार साहिब में शनिवार को बेअदबी के आरोपी की हत्या के बाद रविवार को कपूरथला में भी बेअदबी का मामला सामने आया। इस मामले में भी आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। कपूरथला के गांव निजामपुर पुलिस चौकी के सामने स्थित गुरुद्वारा साहिब में लगे निशान साहिब की रविवार तड़के 4 बजे बेदअबी की कोशिश हुई। गुरुद्वारा साहिब में नितनेम करने पहुंची संगत ने एक व्यक्ति को बेदअबी करते हुए देखा तथा उसे पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने सिख जत्थेबंदियों के चंगुल से व्यक्ति को छुड़ाकर एक कमरे में बंद कर दिया लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने खिड़की तोड़कर पुलिस के सामने ही आरोपी को पीटकर मार डाला। वहीं तनाव बढ़ते देख पुलिस ने हवाई

फायरिंग की। वहीं एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया कि आरोपी चोरी के इरादे से आया था। मामले की जांच की जा रही है। संगत ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति ने बताया था कि उनकी 9 लोगों की टीम दिल्ली से आई है। युवक ने कहा कि उसकी बहन भी बेअदबी करने के लिए आई हुई है लेकिन वह न तो अपना नाम और न ही अपनी बहन का नाम बता रहा था। गांव की संगतों की तरफ से युवक से खूब मार पीट की गई और बाद में प्यार से भी पूछने की कोशिश की गई है। युवक ने बताया था उसे शिवा नामक आदमी ने भेजा है। इससे पहले अमृतसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने पर शनिवार को श्री हरमंदिर साहिब में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। देर रात तक युवक की पहचान नहीं हो पाई। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दावा किया था कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी देख लोग भड़क गए थे। इसी कारण संगत में रोष था। वहीं हालात को नियंत्रित करने के लिए श्री हरमंदिर साहिब के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी ने मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं।

आरएसएस सरकार का रिमोट कंट्रोल नहीं : मोहन भागवत

नई दिल्ली। आरआरएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केंद्र सरकार को उनका संगठन कंट्रोल नहीं करता है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने यह जवाब दिया। मोहन भागवत ने 'क्या सरकार को चलाने का असल रिमोट कंट्रोल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास है? के सवाल पर जवाब दिया। भागवत ने कहा कि मीडिया में आरआरएस को सरकार के रिमोट कंट्रोल के रूप में पेश किया जाता है, जो बिलकुल सच नहीं है। धर्मशाला में पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, 'मीडिया हमें सरकार के रिमोट कंट्रोल के रूप में पेश करता है लेकिन यह असत्य है। हालांकि, हमारे कुछ कार्यकर्ता सरकार का हिस्सा जरूर हैं।' आगे उन्होंने कहा कि लोग हमसे पूछते हैं कि हमें सरकार से क्या मिलता है। उनके लिए मेरा यही उत्तर है कि हमारे पास जो कुछ भी है उसे हमें खोना भी पड़ सकता है। इलाज की प्राचीन भारतीय पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए मोहन भागवत ने कहा, 'हमें हमारे पारंपरिक भारतीय उपचार जैसे काढ़ा जैसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ाना होगा। क्योंकि कोरोना काल में इनकी उपयोगिता पूरी दुनिया ने देखी है। अब पूरी दुनिया का इस भारतीय माडल का अनुकरण करना चाहती है। हमारा देश भले ही विश्व शक्ति न बने, लेकिन विश्व गुरु जरूर बन सकता है।' उन्होंने एकता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की अविभाजित भूमि सदियों से विदेशी आक्रमणकारियों के साथ कई लड़ाई हार गई क्योंकि स्थानीय आबादी एकजुट नहीं थी। उन्होंने समाज सुधारक डा.बी आर आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा, 'हम कभी किसी की ताकत से नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से हारतें हैं।' बता दें कि मोहन भागवत ने चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और 13 अन्य लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा।

चिंतन मनन

सेना को होगी आसानी

केंद्र सरकार की महात्वाकांक्षी चारधाम परियोजना को सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल वेदर राजमार्ग परियोजना में सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और डबल लेन हाइवे बनाने के लिए केंद्र को हरी झंडी दिखा दी है। यह अनुमति मिलने के बाद चारधाम परियोजना के तहत भारत की चीन तक पहुंच और आसान हो जाएगी और किसी भी मौसम में भारतीय सेना चीन से सटी सीमाओं पर पहुंच सकेगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हाईवे निर्माण के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने में रक्षा मंत्रालय की कोई दुर्भावना नहीं है। अदालत सशस्त्र बलों की ढांचागत जरूरतों का अनुमान नहीं लगा सकती है। सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सड़कों को डबल लेन तक चौड़ा करने की अनुमति के साथ ही परियोजना पर सीधे रिपोर्ट करने के लिए पूर्व न्यायमूर्ति एके सीकरी की अध्यक्षता में एक निरीक्षण समिति का गठन भी किया है। कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय, उत्तराखंड सरकार व सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि वह निगरानी समिति को पूरा सहयोग करेंगे। केंद्र सरकार की चारधाम परियोजना का उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करना है। 900 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की लागत 12 हजार करोड़ रुपए अनुमानित है। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि भारत-चीन वास्तवित नियंत्रण रेखा की ओर से जाने वाली सीमा सड़कों के लिए यह फीडर सड़कें हैं। केंद्र सरकार परियोजना के तहत सड़कों की चौड़ाई 10 मीटर तक करना चाहती है। इसके लिए केंद्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसके तहत कोर्ट से मांग की गई थी कि वह आठ सितंबर, 2020 को दिए अपने आदेश में संशोधन करे। इस आदेश के तहत सड़कों की चौड़ाई 5.5 मीटर तक सीमित करने का आदेश दिया गया था। चारधाम परियोजना में सड़क की चौड़ाई को लेकर लंबे समय से बहस छिड़ी हुई थी। पर्यावरण और विकास इन दोनों के बीच टकराव हमेशा से देखने को मिला। विकास संबंधी जरूरतों के लिए सरकारों के अपने तर्क थे और पर्यावरणविद धरती के बढ़ते तापमान और आपदाओं को लेकर चिंतित थे। चारधाम परियोजना का नाम पहले ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट था जिसे बदलकर चारधाम परियोजना कर दिया गया। इसकी शुरूआत साल 2016 में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की थी, इसके तहत दो सुरंगें, 15 पुल, 25 बड़े पुल, 18 यात्री सेवा केंद्र और 13 बायपास आदि बनाए जाने हैं। इसी के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून के परेड ग्राउंड में दिसंबर 2016 में चारधाम महामार्ग परियोजना की नींव रखी थी। 899 किलोमीटर के इस हाइवे प्रोजेक्ट से पूरे उत्तराखंड में सड़कों का जाल विकसित होगा। चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना के तहत कुल 53 परियोजनाओं पर काम होना है। साल 2018 में एक गैर सरकारी संस्था ने सड़क चौड़ीकरण की इस परियोजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। एनजीओ का कहना था कि सड़क चौड़ीकरण के लिए जो पेड़ काटे जाएंगे, पहाड़ों में विस्फोट होगा और मलबा फेंका जाएगा उससे हिमालय की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचेगा इससे भूस्खलन, बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा और वन्य व जलीय जीवों को नुकसान पहुंचेगा। परियोजना के पर्यावरण पर संभावित प्रभावों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2018 में पर्यावरणविद रवि चोपड़ा के नेतृत्व में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति (हाई पावर कमेटी- एचपीसी) का गठन किया था। एचपीसी ने जुलाई 2020 में जांच के बाद दो रिपोर्ट सौंपी थीं। समिति के सदस्यों के बीच सड़क की चौड़ाई को लेकर सहमति ना बन पाने के कारण दो रिपोर्ट दी गई थीं। सितंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने कम सदस्यों वाली रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों को लागू करते हुए सड़क 5.5 मीटर चौड़ी करने की अनुमति दी थी। इस रिपोर्ट के सदस्यों में रवि चोपड़ा भी शामिल थे। ये सिफारिश पर्वतीय राजमार्गों के लिए सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मार्च 2018 के दिशानिर्देशों के आधार पर थी। हालांकि, दिसंबर 2020 में मंत्रालय ने इन दिशानिर्देशों में बदलाव कर दिया। जबकि 21 सदस्यों वाली रिपोर्ट में 12 मीटर चौड़ाई के पक्ष में राय दी गई थी। सरकार की परियोजना में दो लेन वाले इस हाईवे पर 10 मीटर चौड़ाई की बात की गई है।

सरोकार खबरों से !

खबर चलाओ ऐसा ।
ना मिले अपशब्द ।।
पढ़ना और समझना ।
हो सबको उपलब्ध ।।
लगता मिलने प्यार ।
दिल में जाते बैठ ।।
बिना मान-मनौव्वल ।
होती गहरी पैठ ।।
ना करना उपकार ।
है लानी सच्चाई ।।
सरोकार खबरों से ।
ना कोई बुराई ।।
ले आना है सामने ।
बस इतना पर्याप्त ।।
जनमानस को है पता ।
आजकल जो व्याप्त ।।

-कृष्णेन्द्र राय

वर्ष के अंतराल में आगामी वर्ष का भविष्य समाहित है

गत वर्ष कोरोना काल की दर्दनाक कहानी के बीच से गुजरने के बाद आने वाले वर्ष राहत भरा होगा पर लापरवाही एवं ढ़िलाई ने वर्ष के प्रारम्भ काल को कोरोना के गाल में फिर से फांस दिया जहां आक्सीजन एवं दवाई के आभाव में पहले से कई गुणा ज्यादा प्रतिकूल प्रभाव देश को झेलना पड़ा। इस दौरान इस पर नियंत्रण हेतु

टीकाकरण का अभियान देशभर में चला। अंततः सफलता भी मिली। इस बार पूर्व की तरह लॉकडाउन तो नहीं लगा पर कोरोना गाइड पालना के प्रति सजगता बढ़ गई। इस वर्ष कोरोना का नया रूप ओमीक्रॉन भी वर्ष के अंतराल में प्रवेश कर चुका है। पूर्व की तरह इसके हालात अभी नजर तो नहीं आ रहे पर यदि लापरवाही फिर से बरती गई तो आने वाले वर्ष इस कोरोना के नये स्वरूप के चंगुल में फिर से उलझ न जाय, कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि 18 वर्ष उम्र के बाद देश की अधिकांष आवाम को वैक्सीन लग चुका है एवं शेष को लगाने की तैयारी तेजी से चल रही है। टीका लगे लोगों के ओमीक्रॉन का शिकार होने की घटना भी कोरोना गाइड पालना का संदेश दे रही है।

वर्ष के अंतराल में चुनावी प्रभाव से प्रभावित कई दृश्य नजर आ रहे है जहां देश के सभी राजनीतिक दल आगामी वर्ष के प्रारम्भ में होने जा रहे पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के पूर्व सक्रिय हो चले है। इसी दिशा में सत्ता पक्ष केन्द्र सरकार की ओर से पारित तीन नई कृशि बिल जिसका विरोध देशभर में हुआ, किसान आंदोलन लम्बे समय तक चला, जिसे किसानों के हित में बताया गया फिर से वापिस लेने का बिल संसद में लाया गया, पारित कराया गया एवं चुनाव पूर्व नराज किसानों को खुश करने का प्रयास किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में लम्बें अंतराल से चल रहा किसान आंदोलन भी वर्ष के अंतराल में समाप्त हो गया। महंगाई को लेकर केन्द्र की सत्ता पक्ष को घेरने एवं अपना राजनीतिक कद बढ़ाने की दिशा में कांग्रेस ने जयपुर में महारैली का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, सपा, भाजपा अपने अपने तरीके से पद यात्रा, रैली , आमसभा आयोजन करते नजर आ रहे है। पंजाब जहां कांग्रेस की सरकार है वहां इसी वर्ष कांग्रेस में बदले गये तत्कालीन मुख्यमंत्री कै. अमरेन्द्र सिंह ने नई पार्टी का गठन कर चुनाव पूर्व भाजपा से मिलकर चुनाव लड़ने की पृश्ठभूमि तैयार कर ली है जिससे चुनाव में कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। केन्द्र सरकार ने लड़कियों की शादी की उम्र 21 वर्ष करने का बिल भी सदन में पारित करा लिया है,। केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के निजीकरण किये जाने के विरोध में देश के समस्त बैंकों ने दो दिवसीय हड़ताल भी किया। वर्ष के अंतराल में आया संसद का शीतकालीन सत्र अधिकांश हंगामें की भेंट चढ़ा जहां विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों को संसद सत्रकाल के लिये निलंबित भी किया गया। वर्ष का अंतराल दर्दनाक घटना का शिकार भी रहा जहां देश की सेना के सर्वोच्य पद पर विराजमान सीडीएस विपीन रावत , उनकी पत्नी एवं उसके सहयोगी दल के 12 सदस्यों की हेलीकैप्टर क्रास हादसे में हुई मौत ने पूरे देश का दिल झकझोर दिया। वर्ष के अंतराल में विश्व युद्ध होने की भी गूंज सुनाई देने लगी है जहां पड़ौसी देश पाक एवं चीन के नापाक इरादे भी नजर आने लगे है। इस तरह की स्थिति कोरोना से भी ज्यादा दर्द आगामी वर्ष को सौगात दे सकती है। जैसा भी वर्ष के अंतराल में आगामी वर्ष का भविश्य समाहित है।

राज्यपाल आरिफ का अपूर्व पैंतरा

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने राज्य के मुख्यमंत्री को एक ऐसी बात कह दी है, जो आज तक किसी राज्यपाल ने किसी मुख्यमंत्री को नहीं कही होगी। प्रायः हम राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के बीच चलते हुए कई अप्रिय विवादों के बारे में सुनते आए हैं लेकिन भारतीय राजनीति के इतिहास में यह पहली घटना है जबकि राज्यपाल अपने मुख्यमंत्री को अपना अधिकार सौंपने का आग्रह कर रहे हैं। आरिफ खान ने अपने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से कहा है कि वे केरल के विश्वविद्यालयों के कुलपति का पद छोड़ने को तैयार हैं। यह पद विजयन सम्हाल लें ताकि वे उप-कुलपति के पदों पर अपने मनचाहे लोगों को नियुक्त कर सकें। वर्तमान कानून और परंपरा के मुताबिक किसी भी विश्वविद्यालय में उप-कुलपति की नियुक्ति का अंतिम अधिकार राज्यपाल (कुलपति) का होता है लेकिन मुख्यमंत्री लोग ऐसे नामों की सूची भी राज्यपालों के पास भिजवा देते हैं, जिनमें योग्यता कम और दूसरे कारण ज्यादा होते हैं। यह समस्या कई अन्य राज्यों में भी आ रही है। मेरे सामने कुछ राज्यपाल मित्रों को मैंने ऐसी समस्याओं से उलझते हुए देखा है। या तो वे झुक जाते हैं या मुख्यमंत्री झुक जाते हैं और कोई बीच का रास्ता निकल आता है। बात छिपी की छिपी रह जाती है लेकिन आरिफ खान एक साहसी और सत्यनिष्ठ नेता रहे हैं। वे प्रधानमंत्रियों से दबे नहीं तो वे अपने मातहत रहनेवाले मुख्यमंत्री से कैसे दब सकते हैं? उन्होंने शाह बानो के मामले में राजीव गांधी के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर एतिहासिक कदम उठाया था और तीन तलाक के सवाल पर भी उन्होंने दो-टूक रवैया अपनाया था। जातीय जनगणना के विरोध में उन्होंने मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलन में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया था। अब केरल के राज्यपाल की हैसियत में उन्होंने कन्नूर वि.वि. के उपकुलपति प्रो. गोपीनाथ रवींद्रन, मलयालम विभाग में प्रिया वर्गीज की नियुक्तियों और अन्य विश्वविद्यालयों में चल रही अनियमितताओं के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि वे एक अध्यादेश बनाकर ले आएं, जिसमें ये सारे अधिकार वे स्वयं ले लें तो राज्यपाल उस अध्यादेश पर सहर्ष हस्ताक्षर कर देंगे। जाहिर है कि ऐसा दुस्साहस कोई मुख्यमंत्री नहीं कर सकता। अन्य राज्यपालों की तरह रोजमर्रा के सिरदर्द से बचने की यह दवा सबसे मुफीद साबित होनी चाहिए। सिर्फ विजयन को ही नहीं, इससे अन्य मुख्यमंत्रियों को भी सबक मिलेगा कि शिक्षा के मंदिरों को अपने क्षुद्र स्वार्थों और राजनीति से बचाकर रखना जरुरी है।

अश्वगंधा सेवन के हैं कई फायदे

अश्वगंधा न सिर्फ शारीरिक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है कि बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी यह लाभकारी है। अश्वगंधा का समय-समय पर सेवन एजिंग के असर को कम करता है। आमतौर पर लोग अश्वगंधा को स्टेमिना बढ़ाने वाला

हर्ब्स मानते हैं लेकिन अश्वगंधा के कई और फायदे हैं। यहां जानिए अश्वगंधा के क्या-क्या फायदे हैं। अश्वगंधा शरीर में मोटर रिस्पॉन्स यानी एक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करता है जिसके कारण यह मेमोरी बढ़ाने में सहायक है। मोटर न्यूरॉन का संबंध बौद्धिक क्षमता से है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसीन की एक रिसर्च के मुताबिक अश्वगंधा के सेवन से किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली है। अक्सर लोग काम कुछ और करते हैं और उनका ध्यान कहीं और होता है। अश्वगंधा का सेवन काम में फोकस को बढ़ाता है। एक अन्य अध्ययन में यह भी पाया गया कि अश्वगंधा का सेवन ब्रेन में ऑक्सीजन लेवल को बढ़ाता है जिससे मेमोरी बूस्ट होती है।

अश्वगंधा में इंसूलिन को सक्रिय करने और इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाने की क्षमता होती है। जब शरीर में इंसुलिन का स्तर सही रहता है तो यह ग्लूकोज को सोखने का काम करता है। जब ग्लूकोज या शुगर खून के अंदर सोख लिया जाएगा तो खून में शुगर की मात्रा नहीं बढ़ेगी। यही कारण है अश्वगंधा के सेवन से व्यक्ति का शुगर नियंत्रित रहता है। एक अन्य अध्ययन में यह भी पाया गया है कि अश्वगंधा का सेवन शरीर में फैट को बर्न करने में सहायक है। यानी अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो भी अश्वगंधा आपके लिए फायदेमंद है। अध्ययन के मुताबिक अश्वगंधा के सेवन से ब्लड शुगर के साथ-साथ कोलेस्ट्रॉल का लेवल भी कम होता है। अश्वगंधा के सेवन के कारण दिमाग में ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा पहुंचती है। इसलिए इसे स्ट्रेस रिलीवर भी कहा जाता है।

कई अध्ययनों में यह बात साबित हो चुकी है कि अश्वगंधा के सेवन से तनाव और एंग्जाइटी का स्तर बहुत कम हो जाता है। मालूम हो कि भारतीय आयुर्वेद में अश्वगंधा के ओषधीय गुणों की खूब चर्चा है। यह एक ऐसा हर्ब्स है जिसका इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज में सदियों से किया जा रहा है। माना जाता है कि छह हजार साल पहले भारतीयों को अश्वगंधा के औषधीय गुणों के बारे में पता था। अश्वगंधा संस्कृत शब्द है जिसमें अश्व का मतलब घोड़ा और गंधा का मतलब खूशबू है। यानी घोड़े जैसी ताकत और खूशबू का मिलन।

चीन की धमकी

बीजिंग में 2022 में होने वाले शीतकालीन (विंटर) ओलंपिक से पहले चीन को एक और झटका लगा है। अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब कनाडा ने भी बीजिंग विंटर ओलंपिक के राजनयिक बहिष्कार का एलान किया है। इसे लेकर अब ड्रैगन की तरफ से भी गुस्सा जाहिर किया गया है। चीन ने गुरुवार को कहा कि जिन चार देशों ने बीजिंग विंटर ओलंपिक का बहिष्कार किया है, उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी। बीजिंग विंटर गेम्स का कई और देश बहिष्कार कर सकते हैं। इससे पहले भी कई ओलंपिक खेलों में ऐसा हो चुका है। कई देशों को अन्य देशों का बहिष्कार झेलना पड़ा है। 1956 मेलबर्न, 1964 टोक्यो, 1976 मॉन्ट्रियल, 1980 मॉस्को, 1984 लॉस एंजिल्स और 1988 सियोल में युद्ध, आक्रमण और रंगभेद जैसे कारणों से विभिन्न देशों ने ओलंपिक खेलों का बहिष्कार किया था।

कोरोना टीका दोपहर में असरदार- कोरोना वैक्सीन सुबह लेने की तुलना में दोपहर में ज्यादा प्रभावकारी माना गया है। दोपहर में एंटीबॉडी का स्तर अधिक होता है। जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल रिदम में प्रकाशित शोध में पाया गया है कि 24 घंटे में शरीर के अंदर कई घटनाक्रम बदलते रहते हैं, जिसमें संक्रामक रोग और टीकाकरण की प्रतिक्रिया भी शामिल है। मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल (एमजीएच) के सह-वरिष्ठ लेखक एलिजाबेथ क्लेरमैन ने कहा, एक रिसर्च में पाया गया है कि सुबह की तलना में दिन का समय टीकाकरण के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ज्यादा प्रभावित करता है।शोधकताओं का मानना है कि कुछ बीमारियों के लक्षण और कई दवाओं का असर दिन के समय में ज्यादा असरदार होता है।

पंजाब में मंदिर में नेतागीरी- पंजाब की सियासत पर बारीकी से नजर रखने वालों को भी यह याद नहीं कि इससे पहले कभी राज्य में चुनाव के मौके पर मंदिरों को इतनी अहमियत मिली थी या नहीं, जितनी इन दिनों मिल रही है। सुखबीर हो या केजरीवाल, नवजोत सिंह सिद्धू या सीएम चन्नी, सभी नेतागण मंदिरों में घंटियां बजाने और आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। पंजाब के चुनाव में इस बार नेताओं के बीच मंदिरों में घंटियां बजाने की जो होड़ दिख रही है, उसकी वजह यह है पंजाब में 38 फीसदी हिंदू मतदाता। भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रधान मनोरंजन कालिया का कहना है कि अकाली दल, आप व कांग्रेसी नेताओं के मंदिरों में नतमस्तक होने का कारण 38 फीसदी हिंदू मतदाता है।

यूपीए में शिवसेना- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा यूपीए को कमजोर बताने के बाद शिवसेना कांग्रेस के घाव भरने का काम कर रही है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक निजी चैनल के इंटरव्यू में यूपीए को लेकर बड़ा बयान दिया था। राउत ने इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उन्होंने एक बैठक में राहुल गांधी से बात की थी और कहा था कि उन्हें संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को कांग्रेस के नेतृत्व में पुनर्जीवित करना चाहिए।

अक्षय कुमार ने बताया -क्यों निभा रहे हैं 'अतरंगी रे' में बेहद छोटा रोल

बॉलीवुड अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'अतरंगी रे' को लेकर खबरों में छाए हुए हैं। इस फिल्म में भले ही अक्षय एक गेस्ट अपियरेंस के रूप में नजर आने वाले हैं लेकिन उनका रोल इस फिल्म के लिए बेहद खास है, वहीं सारा और धनुष के रोल का पूरा करने के लिए उनका रोल में होना बेहद खास है। फिल्म में अक्षय के छोटे रोल को लेकर लोगों को मन कई अजीबो-गरीब सवाल हैं, जिसका जवाब देने के लिए 'खिलाड़ी' कुमार खुद सामने आएं और इसकी वजह बताते हुए उन्होंने सारा-धनुष की एक्टिंग की तारीफें की है। बता दें कि 'अतरंगी रे' में सारा अली खान और धनुष लीड रोल निभा रहे हैं। डायरेक्टर आनंद एल राय के निर्देशन में बनी यह फिल्म 24 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो रही है। फिल्म के से पहले बॉलीवुड के खिलाड़ी ने सारा अली खान और धनुष को पूरी फिल्म का श्रेय देते हुए कहा कि वह आनंद एल राय निर्देशित फिल्म में वह सिर्फ एक अहम रोल में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय ने कहा,यह फिल्म मूल रूप से धनुष और सारा के किरदारों पर आधारित है, वे ही फिल्म के मुख्य पात्र हैं। फिल्म में मेरी एक विशेष भूमिका है।

पैरों को लेकर ट्रोल हुई शाहिद कपूर की वाइफ मीरा राजपूत- बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की लविंग वाइफ मीरा राजपूत इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं। आए दिन वह अपनी ग्लैमरस ,बोल्ड फोटो और वीडियो शेयर कर अपने चाहने वालों का दिल जीत लिया करती हैं। हालांकि कभी -कभी वह अपनी बोल्डनेस की वजह से ट्रोल भी हो जाया करती हैं, लेकिन मीरा पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ता है। वह अक्सर ट्रोल का जवाब देने के लिए अपनी और भी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर उनकी जुबान बंद कर देती हैं। इस बार भी उनके नए पोस्ट में कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। जी हां! मीरा का हालिया पोस्ट, ट्रोल करने वालों के

मुंह पर तमाचा मारने वाला जैसा लग रहा है, क्योंकि हाल ही में एक फोटो में लोगों ने उनके पैरों का रंग देख कर उनका मजाक उड़ाते हुए उन्हें खूब ट्रोल किया था , जिसका जवाब उन्होंने बोल्ड तरीके से दिया है। मीरा ने अपने नये पोस्ट में अपना यूनिक अंदाज दिखाया है। फोटो में मीरा रेड और ह्वाइट शॉर्ट ड्रेस में अपना सेक्सी और टोंट पैर दिखाती हुई दिख रही हैं। इस फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखती हैं- मैं अपनी बाहों को हमेशा मेरे साथ रहने के लिए अपने पैरों को हमेशा मेरा सपोर्ट करने के लिए और मेरी अपनी उंगलियों को धन्यवाद देना चाहती हूं क्योंकि मैं हमेशा उन पर भरोसा कर सकती हूं...निश्चित रूप से मेरे पैर,हमेशा मुझे जमीन से जोड़े रहने के लिए है। मीरा के कैप्शन के साफ जाहिर है कि उन्होंने ट्रोल करने वालों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उनक ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

पति और बेटी संग दीया मिर्जा ने शेयर कीं तस्वीर- बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने अपने बिजनेसमैन पति वैभव रेखी और उनकी बेटी समायरा के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने ये फील किया है कि वह वैभव को अपनी जिंदगी में पाकर दुनिया की सबसे लकी महिला बन गई हैं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि उनकी शादी से लेकर मां बनने तक कहानी को वह एक मैगजीन के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर करने वाली हैं। दीया का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। लोग उनकी फैमिली फोटो को देखकर खूब खुश हो रहे हैं। दीया मिर्जा ने जो इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की हैं, उसकी पहली फोटो में आप देख सकते हैं कि वह अपने पति और बेटी के साथ कितनी ज्यादा खुश लग रही हैं। वह अपनी बेटी को अपनी बाहों पकड़े हुए पोज दे रही हैं। दूसरी फोटो में दीया और वैभव दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस दौरान दीया का न्यू बोर्न बेटा अव्यान नहीं दिख रहा है।

निक जोनस को लगता है अच्छा पति नहीं हो पाने से डर- बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस को लेकर बीते दिनों कई तरह की खबरें आईं। प्रियंका चोपड़ा द्वारा अपने नाम से जोनस शब्द हटाने के बाद ऐसी अफवाहें उड़ीं कि प्रियंका अपने पति से तलाक ले सकती हैं। हालांकि बाद में इन खबरों का कोई ठोस आधार नहीं मिला। अब निक जोनस ने एक वीडियो में बताया है कि किस तरह उन्हें एक अच्छा पति नहीं हो पाने से डर लगता है। बता दें कि जोनस ब्रदर्स ने हाल ही में एक नई मिनी सीरीज लॉन्च की है, जिसका नाम उन्होंने 'ट्ङ्कील्ल३२ ङ्कील्ल ळी ट्ङ्कील्ल३२' रखा है। इस मिनी सीरीज में उन्होंने जोनस ब्रदर्स के बीच की ट्यूनिंग और उनके रिश्ते को लेकर बहुत सी बातें कही हैं। उनकी इसी सीरीज की एक छोटी सी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है जिसमें निक अपने और प्रियंका के रिश्ते को लेकर बात कर रहे हैं। वीडियो में निक जोनस ने बताया, 'मुझे एक अच्छा पति, भाई या बेटा नहीं बन पाने का डर लगता है। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज मेरा परिवार है, और किस तरह से मैं उनके साथ बर्ताव करता हूं। किस तरह से मैं उन्हें प्यार और सम्मान देता हूं। क्या आप जानते हैं कि हम सभी का प्यार पाने और प्यार देने का अपना अलग तरीका होता है। '

नाक, कान व गला

कई कहावते हैं, फलां व्यक्ति कान का कच्चा है और उसकी जबान लंबी है। ये कहावतें, कान व जबान को बदनाम करती हैं, मगर व्यक्ति का व्यक्तित्व बयां होता है। सच्चाई है कि मुंह में मौजूद दांत, जीभ, नाक, कान व गला ईश्वर द्वारा बनाए गए वो अनुपम अंग हैं जो व्यक्ति को पल-पल दुनिया में जीवन का अहसास कराते हैं और दुनिया के प्रत्येक सुख व दुख का अनुभव बिना किसी स्वार्थ के कराते रहते हैं। अगर, किसी अंग का साथ न मिले तो व्यक्ति का जीवन स्वाद, सुगंध व श्रवण विहीन हो जाता है। बिना स्वाद के जीवन की कल्पना करिए। अनुपम अंग इसलिए बोलना अतिश्योक्ति नही होगा क्योंकि जानकर आश्चर्य होगा कि मुंह में जिह्वा, जिसे स्वाद की अनुभूति कराना एक कार्य हैं मगर यह एक स्वाद नहीं बल्कि 10 हजार अलग-अलग स्वाद का अनुभव कराने की योग्यता रखती है। शायद ही कोई व्यक्ति इसकी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सका हो। इसी तरह व्यक्ति की नाक एक लाख से ज्यादा प्रकार की गंध को विभक्त करने की क्षमता रखती है। शायद ही कोई व्यक्ति नाक की पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सका हो। इसी प्रकार कान है, जो जिस प्रकार दो व्यक्तियों के अंगुलियों के पोर विभिन्न होते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की आवाज को पृथक पहचान के साथ ही संगीत के क्षेत्र के हर सुर को अलग पहचान देने का कार्य करने की क्षमता रखते हैं। हमारे शरीर में बहुत अंग हैं। इनमें मुंह, नाक व कान, तीन ऐसे अंग हैं जिनके संबन्ध में आप जान चुके हैं, कि इन अंगों की पूर्ण क्षमताओं का उपयोग व्यक्ति पूरी जिन्दगी नहीं कर पाता है।

इन अंगों की विशेषताए, विस्तार से बता रहे हैं पदमाकर पाण्डेय 'पदम'-

मुंह

के अंदर भोजन (जल, तरल व कठोर भोज्य प्रवेश और आवाज ने का एक मात्र मार्ग में मौजूद तमाम अंग को अंदर जाने लायक के साथ ही भावनाओं **को** करने या विचारों को **बोलने** जो हवा आती है **उसे विभिन्न** यों में संकलित कर, **विशेष पहचान** मुंह से निकालने **का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य** । भोजन निगलने की **बात करें तो यहां पर शरीर के अंदर भेजने के लिए, जीभ के सहयोग से दांतों द्वारा** की पिसाई होती है और उसमें तीन ग्रन्थियों द्वारा उत्सर्जित लार, भोजन को तरल बनाती है। इसके बाद आहार नलिका (इसोफेगस) में प्रवेश करता है, जहां से अमाशय में पहुंच कर, ऊर्जा में परिवर्तित । मुंह के भोजन को शरीर के उपयोगी बनाने और उसका स्वाद का अहसास कराने और शरीर के कसानदेह पदार्थों की पहचान करने में जिन अंगों का उपयोग होता हैं, उसमें सबसे महत्वपूर्ण जीभ) है और दांत व मसूड़े होते हैं। इसके अलावा मुंह के अंदर खाली स्थान के चारों ओर की वार में त्वचा को ढंक कर रखने वाली श्लेष्म झिल्लीनुमा ओरल म्यूकोसा होती है, जो कि पाचन ोग करती है। भोजन चबाने के दौरान जबड़ा ऊपर-नीचे होता है, जिससे म्यूकोसा भी भोजन को नाने में मेसेटर, टेरीग्वायड, टेम्पोरेलिस नाम की मांसपेशियां सहयोग करती हैं। इतना ही नहीं, अंदर ऊपरी क्षत में अग्रभाग में कठोर तालू और पिछले भाग में नरम तालू होता है। कठोर तालू क्त होता है। इसके अलावा दोनो कानों के पीछे व नीचे टांसिल, अलिजिव्हा व होंठ होते हैं। **अंदर तीन लार ग्रंथियां**- जीभ के दोनों ओर एक-एक ग्रंथि होती है, जिसे सबलिंगुअल कार्ड । इसके अलावा निचले जबड़े के मध्य में मेक्जिला हड्डी के दोनो ओर एक-एक सबमेन्डिबुलर ाती है। इसके अलावा दोनों कानों के नीचे एक- एक पेरोटिक ग्रंथि होती है।

टे में बनती हैं डेढ़ लीटर लार

नमीयुक्त बनाए रखने, भोजन को गीला करने व पाचन में सहयोग करने के लिए प्रतिदिन टर लार मुंह में निर्मित होती है। सबसे ज्यादा लार, नीचे के जबड़े में बीच दांतों के पीछे जीभ ह पर बनती है। इसके अलावा सबसे पतली लार पेरोटिक ग्रंथि की होती है। इसके अलावा लार प्रतिशत एंजाइम होते हैं। टायलीन व लाइसोजाइम नाम के एंजाइम पाचन तंत्र में सहायक होते हैं।

(जीभ)

में शब्द उत्पन्न करने और भोज्य व पेय पदार्थों के स्वाद की अनुभूति कराने वाली मुंह में मांसपेशी से चीली जीभ होती है। जीभ दो होती हैं, एक जीभ जिसकी बात कर रहे हैं, हम सभी जानते हैं। स्वतंत्र मुंह में घूमने वाली बड़ी जीभ की सतह पर पेशीय मांस, मसल्स से निर्मित दानेदार उभार होते हैं। जिन्हें कलिकाएं(टेस्ट बड्स), स्वादेन्द्रीय कहते हैं। इसके अलावा जीभ पर शल्की एपीथिलियम नाम की की तरह म्यूकस की परत होती है। यह जीभ को गीला रखती है। यह जीभ भोजन को मुंह के अंदर है। जब तक भोजन महीन निगलने लायक नहीं पिस जाता है, तब तक भोजन को दांतों के बीच पहुंचाती । इसके अलावा निवाला बनाकर निगलने को भेजती है। निगलने के दौरान गले में फैरेंजियल कांसटेक्टर मदद करती हैं। इसके अलावा जीभ मुंह की सफाई का कार्य भी करती है। सफाई के अभाव में भोज्य के सेवन के 14 घंटे बाद प्लाक बनने लगते हैं जो कि बीमार बना सकते हैं। इसलिए मुंह की सफाई है। दूसरी होती है छोटी जीभ। छोटी जीभ मुंह के आखिरी बेस में होती है यह भोजन निगलने के दौरान ली को बंद करने का कार्य करती है, जिससे सांस नली में भोजन नहीं जाता है।

कान

ध्वनि को ग्रहण करने वाले अंग हैं, ध्वनि तरंगों के साथ शरीर का संतुलन (बैलेंस) बनाये रखने में भी सहयोग करते हैं। कान के तीन हिस्से होते हैं, बाह्य कर्ण, मध्य कर्ण व अंतः कर्ण। बाह्य कर्ण, नालीनुमा घुमावदार, अर्ध कीपनुमा कर्ण प"व, इसी बाह्य कर्ण में ही सबसे मुलायम पिन्ना लटकता है, जिसमें झुमके पहने जाते हैं। कर्ण पव अस्थि व उपास्थि (मसल्स)से **मिल**कर बना होता है। कर्ण पव ही ध्वनि तरंगों को एकत्रित करके, शरीर के अंदर सुरंगनुमा लगभग 2.5 सेमी **लंबी** आडिटोरी कैनाल(मीटस) में भेजता है। मीटस में बढ़ने पर कान का पर्दा, अंग्रेजी में इयर ड्रम (टेम्पेनिक मेम्बरेन)मिलता है। एपीथिलियम ऊतक के आवरण से ढका हुआ इयर ड्रम ही बाह्य व मध्य कर्ण **को** पृथक करता है। मध्य कर्ण में ही यूस्टेकी नली जो कि मुख ग्रसनी नली में खुलती है। यही वजह है कि **कान** में छोड़ी गई दवा का मुंह में आ जाती है। पर्दे के पहले मीटस की दीवारों में सेरूमिनस ग्रंथि होती हैं, **जिनसे** निकलने वाला मोम जैसा चिपचिपा पदार्थ ही स्रूंट होता है। इससे दीवारों में नमी बनी रहती है। चिपचिपा **पदार्थ** ही बाहर से आने वाले



कीटाणु या गंदगी को अंदर जाने से रोकता है। यह पर्दा ही, बाहर से आने वाली ध्वनि तरंगों को 21 गुना बढ़ाता है। इसके लिए मध्य कर्ण में, पर्दे से सटी तीन हड्डियां लगी होती हैं। पहली, कान की सबसे बड़ी हड्डी मैलियस होती है। जो कि बाहरी साउंड आने पर पर्दे के साथ हिलती है। इसके बाद इनकस होती है जो कि तीसरी कान की सबसे छोटी हड्डी स्टैपीज व मैलियस को जोड़ने का कार्य करती है। यही अंतःकर्ण भी है। ये हड्डियां बाहरी ध्वनि तरंगों को यांत्रिक उर्जा (मैकेनिकल एनर्जी)में परिवर्तित करती हैं। यहीं पर अंदर कॉक्लिया नलिका में तीन लाख छोटे हियर सेल होते हैं जो कि पर्दे के साथ मूव करते हैं और मैकेनिकल इनर्जी (हाइड्रोलिक) को इलेक्ट्रिकल एनर्जी (विद्युत तरंगों) में बदलते हैं। यही इलेक्ट्रिकल एनर्जी, ऑडिटोरी नर्व के माध्यम से ब्रेन के सेलेब्रल कॉर्टेक्स में पहुंचती हैं। ब्रेन इन्हें आवाज के रूप में समझता है।

बढ़ती उम्र में सुनाई देना कम होता है-

उम्र के साथ कॉक्लिया नर्व में हियर सेल की संख्या कम होती जाती है। इसे नर्व डैमेज कहते हैं और सुनने की क्षमता हियर सेल की कम होती संख्या और कम मूवमेंट की आधार पर कम सुनाई देता जाता है।

कान दर्द

कान का दर्द, मध्य भाग में ही होता है। जहां पर हड्डियां होती हैं। संक्रमण की वजह से कान की नर्व सप्लाई में सूजन आने पर, इसके अलावा जीभ, ट्रांसिल की नर्व सप्लाई एक ही होती है। इसलिए अगर गले में ट्यूमर है तो कान दर्द शुरू हो जाता है।

कान का बहना

कान में पानी जाने पर, मैल जमा होने लगता है और कुछ दिनों बाद संक्रमणयुक्त मवाद बन जाता है और यह मवाद पर्दे पर सड़न शुरू कर देता है। इसके अलावा कान का पर्दा फट जाने पर भी कान बहने लगता है। पर्दा फटने से संक्रमण अंदर हड्डियों में पहुंच जाता है जहां पर मवाद बनाता रहता है। इसके अलावा एलर्जी की वजह से भी मवाद बन जाता है। इसलिए कान की सफाई रखें तो कान के पर्दे को सुरक्षित रख सकते हैं। इलाज के अभाव में संक्रमण अंदर की हड्डियों को डैमेज करने के साथ ही ब्रेन तक पहुंच सकता है।

नाक

शरीर के अंदर सांस के रूप में आक्सीजन पहुंचाने और गंध की अनुभूति के लिए शरीर को नाक मिली है। हड्डी से निर्मित, चेहरे में उभरी हुई होती है। नाक में दो छेद होते हैं, जिन्हें नथुने भी कहते हैं। ये नथुने अंदर नासा मार्ग में अलग-अलग खुलते हैं। नथुनों के पिछले भाग में बोमर, एथमांइड, मैक्सिली तथा पैलेटाइन हड्डियों के भाग होते हैं। बाहरी हवा को अंदर ले जाने वाला नासा मार्ग, कठोर तालू के द्वारा मुंह की नली से विभक्त होता है। ये नथुने, कंठ द्वार के समीप नासा ग्रसनी भाग में खुलते हैं जिसे कोएनी कहा जाता है। नाक के नथुनों से वातावरण में मौजूद हवा को खींचा जाता है। इस बाहरी प्रदुषण युक्त आक्सीजन को नाक के नथुने और अंदर की संरचना शुद्ध बनाती है। और शरीर के तापमान के अनुकूल (37 डिग्री) करके अंदर फेफड़े में भेजने का कार्य नाक करती है।

व्यक्ति एक लाख 20 हजार से ज्यादा गंध की अनुभूति कर सकता है- मनुष्य में एक लाख 2० हजार से ज्यादा गंध कोशिकाएं होती हैं, यानि जितनी कोशिकाएं उतनी प्रकार की गंध का अहसास करने की क्षमता है। आमतौर पर माना जाता है कि मनुष्य पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पाता है। मनुष्य में इतनी क्षमता होने के बावजूद, कुत्ते, बिल्ली व चूहों की सुंघने की क्षमता से बहुत कम है। यही वजह है कि कुत्तों को सूंघने की क्षमता का प्रयोग अपराधियों को ढूढ़ने में किया जाता है।

कैसे मिलती हैं गंध और स्वाद

नासा मार्ग के तीन भाग होते हैं, प्रघ्राण, घ्राण व श्वसन भाग। नाक के अगले चौड़े भाग को प्रघाण कहते हैं, इसमें कड़े व संवेदी बाल, सिलेसियस व स्वेद ग्रंथिया होती हैं। इसके अलावा नाक के ऊपरी भाग को घ्राण भाग कहा जाता है, इमसें श्लेष्मयुक्त सुंघने वाली कोशिकाएं(सेल) होती हैं। नाक की सतह नीचला भाग, श्वसन का होता है। गंधयुक्त हवा अंदर पहुंचने पर, गंध संवेदी कोशिकाओं की सतह पर गंध के अणु उत्तेजित हो जाते हैं। यह उत्तेजना, आवृत्ति के रूप में घ्राण तंत्रिका (ऑलफेक्ट्री नर्व)के माध्यम से मास्तिष्क में पहुंचती हैं। गौरतलब है कि एक ही गंध के वातावरण में अधिक देर रहने पर गंध की कोशिकाओं की गंध के प्रति संवेदना खत्म हो जाती है। इसके बाद उन्हें गंध की अनुभूति नहीं होती है। इसके अलावा खाद्य पदार्थ का स्वाद का अहसास भी घ्राण कोशिकाएं कराती हैं। इसलिए जब जुकाम होने पर नाक मार्ग में एपिथिलियम में सूजन आ जाती है तो भोजन की गंध भी नहीं मिलती है। ●

घर पर तैयार किए गए फ्रोजन फूड से मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

फ्रेश फूड यकीनन काफी अच्छा है, लेकिन अगर आप उसे लंबे समय तक यूं ही फ्रेश बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में फूड को फ्रीज करना अच्छा माना जाता है। जब आप ऐसा करते हैं तो किसी भी फूड के पोषक तत्वों को बेहद आसानी से सुरक्षित रख सकते हैं।

जब से फ्रोजन फूड की बात होती है, तो यह माना जाता है कि यह खाने की शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है, जिसके कारण फूड की वेस्टेज कम होती है। हो सकता है कि आपको भी अब तक फ्रोजन फूड से जुड़े केवल इसी फैक्ट के बारे में पता हो। हालांकि फ्रोजन फूड के सेवन से आपको अन्य भी कई बेहतरीन लाभ प्राप्त होते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

अधिक सुविधाजनक

फ्रोजन फूड का एक बेहतरीन लाभ यह है कि यह अधिक सुविधाजनक होता है। फ्रोजन फूड को बेहद आसानी से ऑफिस से लेकर जिम तक ले जाया जाता है। इस तरह आप बाहर होने पर भी बेहद आसानी से हेल्दी फूड खा सकते हैं।

सुरक्षित पोषक तत्व

फ्रेश फूड यकीनन काफी अच्छा है, लेकिन अगर आप उसे लंबे समय तक यूं ही फ्रेश बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में फूड को फ्रीज करना अच्छा माना जाता है। जब आप ऐसा करते हैं तो किसी भी फूड के पोषक तत्वों को बेहद आसानी से सुरक्षित रख सकते हैं।

फूड वेस्टेज को करें कम

जब आप फूड को फ्रीज करते हैं तो इससे फूड वेस्टेज को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आमतौर पर अगर खाने को यूं ही रख दिया जाए और उसे इस्तेमाल ना किया जाए तो वह खराब हो जाता है और फिर उसे फेंकना पड़ता है। लेकिन फ्रोजन फूड वेस्टेज कसे कम करता है।

खाने में विविधता

वैसे तो आपको अलग-अलग मौसम में खास तरह की सब्जियां मिलती हैं। लेकिन अगर आप फूड को फ्रीज करके रखते हैं तो इससे आप पूरे साल खाने में विविधता रख सकते हैं। मसलन, अगर आपने ठंड के मौसम में मटर को फ्रीज किया है तो गर्मियों में भी उसका स्वाद आप ले सकते हैं।

यह हैं पुरुषों के बाल झड़ने के कारण और बचाव के तरीके, जानिए...

दिन में 50 से 100 बाल झड़ना समान्य बात है, लेकिन इससे अधिक गिरना सही नहीं है। कहा जाता है कि बालों की शिकायत करने वालों में सबसे ज्यादा पुरुष होते हैं। बालों का झड़ना पुरुषों द्वारा की गई लापरवाही का कारक होता है।

हमारी खूबसूरती को बढ़ाने में सबसे ज्यादा रोल हमारे बालों का होता है। अच्छे और घने बालों से व्यक्ति आकर्षित और बेहद खूबसूरत लगता है। वहीं, अगर बालों की कोई समस्या हो जाती है तो हम काफी परेशान हो जाते हैं। इन समस्याओं में बालों का झड़ना ज्यादा कष्टदायक है। इस तरह की समस्या से सिर्फ महिला ही नहीं बल्कि पुरुष भी काफी परेशान हैं। पुरुषों के लिए समस्या तब ज्यादा बढ़ जाती है जब उनके बाल उगने बंद हो जाते हैं या फिर बालों का विकास धीमा पड़ने लगता है।

डॉक्टर्स बताते हैं कि दिन में 50 से 100 बाल झड़ना समान्य बात है, लेकिन इससे अधिक गिरना सही नहीं है। कहा जाता है कि बालों की शिकायत करने वालों में सबसे ज्यादा पुरुष होते हैं। बालों का झड़ना पुरुषों द्वारा की गई लापरवाही का कारक होता है। आज हम आपको पुरुषों के बाल झड़ने के पीछे के कारण और बचाव के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, आइए जानते हैं...

बाल झड़ने के कारण

अधिक तनाव लेना- हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जो लोग ज्यादा तनाव में रहते हैं उन्हें तरह-तरह की बीमारी अपना शिकार बना सकती है। अधिक तनाव के कारण कई बार बालों के झड़नेपन की भी समस्या हो सकती है।

हार्मोन परिवर्तन- बालों के झड़ने का कारण हार्मोन्स में हुए बदलाव भी हो सकते है। सामान्यतौर पर टेस्टोस्टेरॉन का ज्यादा या कमी होना बालों के झड़ने का कारण होते हैं।

अधिक धूम्रपान या शराब पीना- ऐसा देखा गया है कि जो लोग अधिक धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं उनमें बालों के झड़ने की समस्या काफी नजर आती है।

आनुवंशिक समस्या- अधिक्तर उन लोगों में बालों के झड़ने की समस्या का कारण आनुवंशिक होता है। अगर आपके बाल झड़ते हैं तो हो सकता है कि आपके दादा या पिता के भी बाल झड़ते होंगे और आनुवंशिक के कारण आपको इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

गंभीर बीमार पड़ने से- गंभीर तौर पर बीमार होने से भी आपके बाल झड़ने लगते हैं। हालांकि, इस तरह से झड़े बालों को फिर से उगाना संभव है।

ज्यादा विटामिन-अ होना- शरीर में अधिक विटामिन अ होने पर भी बालों के झड़नेपन की समस्या होने लगती है। ऐसे में आपको विटामिन अ युक्त चीजों का सेवन बंद कर देना चाहिए।

क्या हैं बचाव के तरीके

तनाव को कम करें- छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान होना या तनाव में आ जाना भी बाल झड़ने का प्रमुख कारण होता है। इसलिए जरूरी है कि आप ऑफिस, घर या फिर अन्य परेशानियों को लेकर तनाव में रहना छोड़ दें। डॉक्टर्स के अनुसार तनाव के कारण हेयर फोलिकल का बढ़ना कम हो जाता है या रुक जाता है। ऐसे बालों का झड़ना शुरू हो जाता है। हालांकि, तनाव को दूर करने से बाल फिर से उगने शुरू हो सकते हैं।

हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करें बंद- आज के समय में हेयर स्टाइलिंग टूल का लोग ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। जिससे बाल भले ही अच्छे दिखने लगते हो लेकिन बाद में इससे बाल खराब या झड़ने शुरू हो जाते हैं। दरअसल, इन टूल्स का ज्यादा इस्तेमाल करने से बाल रूखे और जड़ों से कमजोर हो सकते हैं। जो लोग इन टूल्स का रोजाना या फिर ज्यादा इस्तेमाल करते हैं उनके बाल प्रभावित होने के साथ कमजोर और पतले भी हो सकते हैं। इसलिए हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करना बंद कर दें। अगर इसका इस्तेमाल करना बंद नहीं कर सकते तो इसका उपयोग करने से पहले बालों पर हेयर सीरम या हीट प्रोटेक्टेंट जरूर लगाएं।

केमिल्स को कहें बाय-बाय- अपने बालों पर सिर्फ हर्बल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। जिन प्रोडक्ट्स में पैराबीन और एल्कोहल मौजूद हो या अन्य तरह के केमिल्स हो, ऐसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। जितने ज्यादा लंबे बाल होते हैं उन्हें उतने ज्यादा पोषण की जरूरत होती है। इसलिए इन्हें ज्यादा से ज्यादा पोषण दें और केमिलक युक्त प्रोडक्ट्स से दूर रखें।

धूम्रपान कर दें बंद- धूम्रपान का सेवन करने से बालों के झड़ने की समस्या बढ़ती है इसके अलावा आपकी सेहत को भी हानि पहुंच हो सकती है इसलिए जरूरी है कि आप पूरी तरह से धूम्रपान का सेवन कर छोड़ दें। एक शोध के मुताबिक धूम्रपान करने से बालों के रोम के डीएनए को हानि पहुंचता है इसके अलावा बालों का विकास होना भी रुकने लगता है। धूम्रपान का सेवन न करके बालों का झड़ना रोका जा सकता है।

आपको अपने झड़ते बालों को रोकने के लिए अपनी डाइट में भी जरूर बदलाव करना चाहिए। हेल्दी डाइट से आपके शरीर को तो लाभ होता ही है बल्कि आपके बाल भी अच्छे हो सकते है।

करें हेल्दी डाइट- आपको अपने झड़ते बालों को रोकने के लिए अपनी डाइट में भी जरूर बदलाव करना चाहिए। हेल्दी डाइट से आपके शरीर को तो लाभ होता ही है बल्कि आपके बाल भी अच्छे हो सकते है रोजाना एक्सरसाइज के साथ अपने डाइट में मछली, जामुन, मांस, हरी सब्जियां और नट्स को शामिल कर अपने बालों को लाभ पहुंचा सकते हैं। इन सभी चीजों का सेवन करने से आपके हेयर्स काफी अच्छे हो जाते हैं।

पुष्पा के पुष्पराज अल्लू अर्जुन

तेलुगु फिल्मों में अपने अभिनय के लिए पांच फिल्मफेयर अवार्ड जीतने वाले अल्लू अर्जुन तेलुगु फिल्मों स्टाइलिस्ट अभिनेता माने जाते हैं। वह सबसे ज्यादा मेहनताना पाने वाले अभिनेताओं में है। वह बहुत अच्छे डांसर भी हैं। हिंदी दर्शक उनकी आर्या 2, वेदम, रेस गुर्रम, दुव्वादा जग्गनाधम, सन आफ सत्यमूर्ति, अला वैकुठापुर्रमुलू के हिंदी डब संस्करणों को देख चुका है।

हिंदी बोल रहे दक्षिण के सितारे

लगभग डेढ़ हफ्ते बाद, 2022 शुरू हो जाएगा। भारतीय फिल्म उद्योग का माहौल और चेहरा काफी बदला बदला सा होगा। क्योंकि, हमेशा की तरह हिंदी फिल्म उद्योग की निगाहें अपने सुपरस्टार अभिनेताओं पर ही नहीं होगी, बल्कि उन्हें उम्मीद दक्षिण के उन सितारों से भी होगी, जिनकी फिल्में हिंदी सहित भारत की कई भाषाओं में प्रदर्शित हो कर, नया और विशाल बाजार बनाने का प्रयास कर रही हैं। यह तमाम सितारे दक्षिण की तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं के स्थापित अभिनेता या अभिनेत्रियां है। कौन हैं यह सितारे? इसे फिल्मवार जानना अधिक दिलचस्प होगा।

पुष्पा के सितारे- तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की अखिल भारतीय पहचान वाली फिल्म पुष्पा द राइजिंग पार्ट १ प्रदर्शित हो चुकी है। सुकुमार निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदना नायिका हैं तथा फहद फाजिल खलनायक की भूमिका में है।

■ अल्पना कांडपाल

गंजा विलेन फहद

फहद फाजिल मलयालम फिल्मों के लोकप्रिय सितारें हैं वह हर प्रकार की फिल्में और हर भूमिका कर पाने में सक्षम है। उन्हें 2017 में मलयालम फिल्म ठेंदीमुदुलम दृसक्षियम के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है।

कोमराम भीमा जूनियर एनटीआर

तेलुगु फिल्म स्टार से मुख्य मंत्री बने नंदिमुरी तारक रामाराव के बेटे जूनियर एनटीआर का फिल्म आरआरआर से हिंदी दर्शकों से पहला परिचय होने जा रहा है। वह पोपुलर तेलगु सुपरस्टार हैं। उनकी हिंदी में डब तेलुगु फिल्में, हिंदी बेल्ट में खूब देखी गई है। वह जनजाति के युवा योद्धा कोमारम भीम की भूमिका कर रहे हैं।

निर्देशक सुकुमार

तेलुगु फिल्म निर्देशक सुकुमार का फिल्म डेब्यू अल्लू अर्जुन के साथ फिल्म आर्या (2004) से हुआ था। पुष्पा से सुकुमार का अल्लू अर्जुन के साथ हिंदी फिल्म डेब्यू हो रहा है।

श्रीवल्ली रश्मिका मंदना

रश्मिका मंदना ने मुख्य रूप से तेलुगु और कन्नड़ फिल्में की है। पुष्पा उनकी पहली हिंदी फिल्म होगी। इसमें वह श्रीवल्ली की भूमिका कर रही है। उनकी पहली बालीवुड फिल्म मिशन मजनू होगी, जो २०२२ में प्रदर्शित होगी।

आरआरआर के सितारें

नए साल का पहला शुक्रवार दक्षिण की बहुभाषी तेलुगु फिल्म आरआरआर से होगा। बाहुबली निर्देशक एसएस राजामौली की इस पीरियड फिल्म से एनटीआर जूनियर का हिंदी फिल्म में डेब्यू हो रहा है।

अल्लूरी हैं रामचरण

रामचरण से हिंदी फिल्म दर्शकों का पहला परिचय 2013 में प्रदर्शित, अमिताभ बच्चन की 1970 के

दशक की हिट फिल्म जंजीर के रीमेक से हुआ था। वह तेलुगु फिल्मों के लोकप्रिय सितारे हैं। उनके पिता चिरंजीवी भी हिंदी फिल्मों में भाग्य आजमा चुके हैं। आर आर आर में वह भीम के साथी अल्लूरी सीताराम राजू की भूमिका कर रहे हैं।

आगामी वर्ष भी

2022 में, दक्षिण की बहुत सी फिल्में दक्षिण की भाषाओं के अतिरिक्त हिंदी में भी प्रदर्शित होंगी। इन फिल्मों से बालीवुड फिल्म दर्शकों के जाने पहचाने या कम पहचाने चेहरे दिखाई देंगे। दक्षिण के कुछ सितारे बालीवुड की फिल्मों में भी दिखाई देंगे। इनके बारे में अगली बार। ■

२०२१ की बॉलीवुड फिल्में

निर्देशक कबीर खान की फिल्म '83 में, जहाँ कपिल देव की भूमिका में रणवीर सिंह है, वही कुछ दूसरे क्रिकेट खिलाडियों की भूमिका दक्षिण के सितारों ने भी की है. तमिल फिल्म अभिनेता जीवा ने फिल्म में कृष्णामचारी श्रीकांत की भूमिका की है. उनका असली नाम अमर चौधरी है. अतरंगी रे में सारा अली खान और क्षअय कुमार के रोमांस का दूसरा कोण धनुष है. वह तमिल फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता है. वह रजनीकांत के दामाद है. धनुष का हिंदी फिल्म डेब्यू आनंद एल राज की फिल्म राँझना से हुआ था. उनकी दूसरी हिंदी फिल्म षमिताभ फ्लॉप हुई थी. शाहिद कपूर की 31 दिसम्बर को प्रदर्शित होने जा रही फिल्म जर्सी इसी शीर्षक वाली तेलुगु फिल्म की रीमेक है. नानी अभिनीत जर्सी के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी ही शाहिद की जर्सी के लेखक निर्देशक है. यह उनकी पहली हिंदी फिल्म होगी.

टीवी

वापसी के लिए पूरी तरह तैयार थी : सुप्रिया

मनोरंजन इंडस्ट्री में प्रसिद्ध कलाकार और व्यक्तित्व के रूप में जानी जाने वाली अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर स्टार भारत पर शैलजा के रूप में शो 'ससुराल गेंदा फूल 2' में वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी हुई बातचीत के अंश...

शैलजा में नया क्या देखने को मिलेगा?

इस में बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। चीजें नहीं बदली हैं क्योंकि कहावत है न ओल्ड इज गोल्ड। जबकि शैलजा कश्यप परिवार के सभी लोगों के साथ बड़ी विनम्रता और सलीके से व्यवहार करती हैं, जो नहीं बदला है। मैं कहूंगी कि मुझमें अब भी कहीं न कहीं शैलजा बाकी है क्योंकि हम सभी बाधाओं के बावजूद अपने परिवारों को साथ रखने को लेकर लगभग एक जैसे ही हैं। मानसिक रूप से तैयार होना पड़ा। समय के साथ वह बहुत ज्यादा बदली नहीं हैं इसलिए घर वापसी जैसा है।

जय सोनी के साथ अपने ब्रान्ड के बारे में बताएं ?

जय और मैं बहुत ही खास बान्ड शेयर करते हैं। खासकर खाने पर हमारा ब्रान्ड बहुत स्ट्रांग हुआ है। अलग संस्कृतियों के खाने ने हमें जोड़ा है। वह मेरा बहुत ख्याल रखते हैं और हमेशा सही डाइट फालो करने के लिए मुझे प्रोत्साहित करते हैं। मैं हमेशा उनके इंस्ट्रक्शन फालो भी करती हूं। हमारे पास एक दूसरे से बात करने का बहुत अनोखा तरीका है जहां हम बच्चे की आवाज में एकदूसरे से बात करते हैं। वह हमेशा मुझे तंग करने के मौके की तलाश में रहता है और मजाक मस्ती है।

आप खुद को कैसे फिट रखती हैं?

फट होने की श्रेणी में मैं आखिरी व्यक्ति हूं। हालांकि मैं अपने परिवार को लेकर हमेशा बहुत चिंतित रहती हूं, यहां तक कि अपने डाग की फिटनेस को लेकर भी लेकिन मैं हमेशा से अपने प्रति लापरवाह रही हूं। मेरी बेटी श्रिया, मेरे लिए सबसे ज्यादा चिंतित जय है, मैं अब स्वास्थ्य के प्रति बहुत जागरूक हो रही हूं और स्थिर आहार का पालन करना सुनिश्चित कर रही हूं। मैं घर का बना सादा खाना पसंद करती हूं और दिन के समय में ढेर सारा सलाद खाती हूं। पूरा दिन खुद को एक्टिव रखने के लिए योगाभ्यास भी करती हूं। सुबह की शुरुआत पांच भीगे हुए बादाम और पांच अखरोट के साथ करती हूं जबकि चाट और चाइनीज फूड का भरपूर आनंद लेती हूं। लेकिन बहुत सारा गर्म पानी पीती हूं और चाय पीती हूं। ज्यादातर घर का ही बना खाने का प्रयास करती हूं।

■ माया

पलक ने लता का गाना गाया

जी टीवी में रोमांटिक नाट्य 'अगर तुम ना होते' में पलक मुच्छल द्वारा गाया अगर तुम ना होते के टाइटल ट्रैक किया है। लता मंगेशकर के 80 के दशक के हिट ट्रैक अगर तुम ना होते के रीक्रिएटेड वर्जन को आवाज दी और इसे खुद का टच भी दिया। पलक ने कहा, सुंदर और आयकानिक गीत है, जिसे मूल रूप से लता जी ने गाया है। मेरे लिए, इसको रीक्रिएट करना सम्मान की बात थी। लेकिन मेरे लिए, यह मूल रचना के लिए आदरांजलि की तरह था।

राजीव ने तोड़े सारे रिश्ते

सोनी सब का 'तेरा यार हूं मैं' ऋषभ (अंश सिन्हा) और बेरी (विराज कपूर) के बीच गार्गी (तसनीम खान) को लेकर बहस हो जाती है। बेरी छत से नीचे गिर जाता है। राजीव (सुदीप साहिर) और दलजीत (सायंतनी घोष) की शादी हो गई है। सुदीप ने कहा, जिंदगी धीरे-धीरे पटरी पर लौट ही रही थी अचानक ही ठहराव आ जाता है। राजीव ऋषभ के साथ सारे नाते तोड़ लेता है।

कभी-कभी जलन जरूरी है : दिशा परमार

सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के बड़े अच्छे लगते हैं 2 का कपल राम (नकुल मेहता) और प्रिया (दिशा परमार) की प्रेम कहानी के उतार-चढ़ाव बने हुए हैं। उनकी पुरानी प्रेम कहानी में नया मोड़ आया है। राम एक्स गर्लफ्रेंड, वेदिका की तरफ आकर्षित होने के कारण, प्रिया को थोड़ी जलन होती हुई दिखाई देगी। दिशा परमार ने बताया, मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी ऐसे रिश्ते का अनुभव किया है, जिसमें जलन न हो। किसी रिश्ते को जीवित और संपन्न रखने के लिए हल्की जलन होना जरूरी है। ये दर्द भरे एहसास और कुछ नहीं बल्कि अपने प्यार को दिखाने का तरीका है कि हमें दुख हुआ है। जलन अच्छी है, जरूरी है।

भाबीजी घर पर हैं के 1700 एपिसोड्स पूरे

एण्ड टीवी के कल्ट कामेडी शो भाबीजी घर पर हैं ने 1700 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा) ने कहा, इसने मुझे पूरी आजादी दी है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे एक ही शो में 300 से ज्यादा अनूठे किरदारों को निभाने का मौका मिलेगा और इसके लिये मेरा नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज होगा। शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाभी) ने कहा, बहुत बड़ी उपलब्धि है। अंगूरी भाभी का किरदार निभाने का मौका दिया।

मनन इंजीनियर से अभिनेता बने

मनन जोशी एक्टिंग के बिजनेस में आने से पहले इंजीनियरिंग की दुनिया पर राज कर रहे थे। उनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, प्लस डिग्री है। मनन कहते हैं, मुझे अभिनय और प्रदर्शन करना हमेशा से पसंद था और गुजराती होने के नाते मैं अपने दोस्तों के साथ गरबा खेलने गया था। वहां मुझे कास्टिंग डायरेक्टर ने देखा और मुझसे विज्ञापन के लिए आडिशन देने को कहा। मैं वह सबकुछ कर रहा था जो मुझे करना चाहिए था। मुझे लोगों के साथ खुलकर रहना और जीना परंद है।

पार्वती लेंगी मां काली का रूप

एण्डटीवी के 'बाल शिव' में देवी पार्वती (शिव्या पठानिया) मां काली का रौद्र और शक्तिशाली रूप धारण करती नजर आएंगी। महादेव (सिद्धार्थ अरोड़ा) की अनुपस्थिति में अंधक (कृप कपूर सूरी) कैलाश पर हमला कर देता है। शिव्या कहती हैं, देवी पार्वती की भूमिका निभाना बहुत बड़ा मौका और जिम्मेदारी है, लेकिन जब मुझसे कहा गया कि मैं मां काली का रूप लेने वाली हूं तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। मां काली के रौद्र और शक्तिशाली रूप की मैं बहुत बड़ी भक्त हूं।

शानदार शुक्रिया पर चुना गया : नीना गुप्ता

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 13 में मशहूर कलाकार नीना गुप्ता और गजराज राव शानदार शुक्रिया एपिसोड में नजर आए। दोनों को 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' में उनके असाधारण काम के लिए बहुत सराहा गया, 'बधाई हो' ने सबका ध्यान खींचा और दिल जीता, अमिताभ बच्चन के साथ हाट सीट पर बैठी नीना गुप्ता बताया कि उन्हें बधाई हो की स्क्रिप्ट कैसी लगी थी, लेकिन उन्हें कभी काल बैक नहीं मिला। उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्हें फिल्म के निर्देशक अमित शर्मा से मिलने के लिए बुलाया गया तो चीजें बदल गई, अमित ने मुझे एक सप्ताह, दस दिनों के बाद बुलाया। मैंने उनके सहायक से पूछा, मुझे क्या पहनना चाहिए ताकि उन्हें लगे कि मैं चरित्र में फिट हूं? मेरे पास स्टाइलिश सलवार कमीज थी लेकिन यहां सामान्य सलवार कमीज पहननी थी। कमीज थी लेकिन सलवार नहीं थी... सामान्य सलवार। मैंने अपनी रसोइए की सलवार पहनी क्योंकि यह सामान्य और साधारण सफेद रंग की सलवार थी।

रोमांटिक थ्रिलर 'फना- तेरे इश्क में'

कलर्स का नया शो 'फना- तेरे इश्क में' प्यार और रिश्तों के बारे में धारणा बदलगा। रीम समीर शेख और जैन इमाम इसमें पाखी और अगस्त्य की भूमिकाएं निभा रहे हैं। रीम ने कहा, मैं बता नहीं सकती कि कितनी उत्साहित हूं। वह प्यारी, चुलबुली लड़की है। ईमानदारी से कहूं, तो मैं बहुत नर्वस हूं और ज्यादा जिम्मेदारी का अनुभव कर रही हूं।

मजबूत महसूस करती हैं दीपिका

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की 'धड़कन जिंदगी की ' पितृसत्तात्मक मानदंडों और उसके सपनों के बीच फंसी कामकाजी महिला को प्रतिबिंबित करती है । डा दीपिका के शानदार सर्जन बनने के अपने सपनों को पूरा करने के राग अलापा है। अदिति गुप्ता ने डा दीपिका के चित्रण से लाखों दिलों को जीत लिया है।

भक्ति गायन के लिए कैलाश खेर, रवि किशन एक साथ

जीटीवी चैनल पहला भक्ति गायन रियलिटी शो 'स्वर्ण स्वर भारत' पेश करने के लिए तैयार है। इसमें प्रसिद्ध कवि डा. कुमार विश्वास और अनुभवी गायक-पद्मश्री कैलाश खेर और पद्मश्री सुरेश वाडकर जज होंगे। कैलाश खेर ने कहा, भारतीय संस्कृति और हमारे मूल्यों की गहरी समझ को प्रदर्शित करने का भी मौका देगा। सुरेश वाडकर ने कहा, मुझे यकीन है कि हमारी जड़ों से जुड़ा नया संगीत और आख्यान निश्चित रूप से दर्शकों को बांधे रखेंगे।

जज करेंगी परिणीति

कलर्स का नया कार्यक्रम 'हुनरबाज-देश की शान' में करण जौहर और मिथुन चक्रवर्ती जैसे बालीवुड के महारथियों के साथ परिणीति चोपड़ा जजेज के पैनल का हिस्सा बनने जा रही है। परिणीति चोपड़ा कहती है, मुझे हमेशा से ही स्टेज पर आना और दर्शकों से लाइव बातें करना पसंद है। मुझे कई सारे रियलिटी शोज का हिस्सा बनने का अवसर मिला लेकिन उनमें से मुझे कोई सही नहीं लगा। करण और मिथुन दा के साथ आना वाकई मेरे लिए सम्मान की बात है।

सारा ने तोड़ी सोडा की बोतलें

जीटीवी में सिंगिंग रियलिटी शो सारेगमप 2021 शो की शुरुआत हो चुके है। सारा अली खान और निर्देशक आनंद एल राय विशेष अतिथि के रूप में गर्ल्स वर्सेज बॉयज स्पेशल एपिसोड में आनंद लिया। लाज और शरद ने जुगनी और मेरे रश्के कमर गानों पर अपने दमदार प्रदर्शन दी। सारा एक्शन जोन में प्रवेश कर शरद को 20 सोडा की बोतलें पीने की चुनौती दे। शरद 8 बोतलें पीता है और सारा शरद को अपने हाथ पर बोतल फोड़ने के लिए कहती है। इसके बाद उसने खुद भी अपने ही हाथ पर दो बोतलें फोड़कर सभी को दंग कर दिया।

■ विमला

बालीवुड

यमी बनाम नेहा



वेहजाद खम्बाटा की आगामी निर्देशित फिल्म अ थर्सडे दिलचस्प है। यह दिलचस्पी कथानक और फिल्म की दो नायिकाओं के लिहाज से है। बच्चों को बंधक बना लेने वाली स्कूल टीचर और आठ महीने की गर्भवती पुलिस अधिकारी के बीच टकराव की है। इसमें टीचर नैना जैसवाल की भूमिका यमी गौतम और पुलिस अधिकारी कैथरीन अल्वारेज की भूमिका नेहा धूपिया है। फिल्म में ज्यादा दृश्य इन्ही के बीच हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन किस पर भारी पड़ती है। अपनी अपनी भूमिकाओं में दोनों का भारी पड़ना फिल्म की सफलता के लिए जरूरी है। बेहजाद की पहली फिल्म ब्लेंक के आतंकवादी नायक करण कपाडिया थे। करण अभिनेत्री डिंपल कपाडिया के भतीजे है।

सहर बामबा का दुस्वप्न

सनी देओल के साथ कोई फिल्म करना किसी नवोदित अभिनेत्री का सपना हो सकता है। परन्तु, अभिनेत्री सहर बामबा के लिए यह दुस्वप्न साबित हुआ। अपने बेटे करण देओल की लान्चिंग के लिए, सनी ने सहर को सैकड़ों नए चेहरों के बीच से चुना था। परन्तु, सनी देओल ने दो बड़ी गलतियां कर दी। पहली यह कि उन्होंने करण और सहर की लाचिंग फिल्म को खुद निर्देशित करने का फैसला लिया, उन्होंने अच्छी कहानी भी नहीं चुनी। परिणामस्वरुप दोनों की पहली फिल्म पल पल दिल के पास बाक्स आफिस पर बुरी तरह से पिटी। करण की दूसरी फिल्म वेले प्रदर्शित हो चुकी है। पर सहर को अभी भी दूसरी फिल्म का इंतजार है। हालांकि, उन्हें डिजिटल माध्यम पर काम करने का मौका मिल चुका है। उन्होंने डिजिटल सीरीज द एम्पायर में बाबर की पहली पत्नी माहम की भूमिका से सभी को प्रभावित किया है।

झमेले में 83

कपिल देव बायोपिक फिल्म '83 की कुल लम्बाई 2 घंटा 42 मिनट है। यह 24 दिसम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है। साथ ही झमेले में भी फसती जा रही है। इसके निर्माताओं दीपिका पादुकोण सहित कबीर खान, साजिद नाडियाडवाला, फैंटम फिल्म्स तथा चार अन्य पर अंधेरी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में मुकदमा दायर कर शिकायत की गई है। यूनाइटेड अरब अमीरात की कंपनी ने फिल्म में अच्छे रिटर्न के लिए 16 करोड़ का निवेश किया था। लेकिन, निर्माता इन पैसों को बिना उनकी अनुमति के दूसरे कामों में खर्च किया जा रहा है।

पांच करोड़ दर्शकों ने देखा ट्रेलर

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर का ट्रेलर 9 दिसम्बर को देश की पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुआ। रिलीज होने के 24 घंटे के अन्दर इस ट्रेलर को सभी भाषाओं में 5 करोड़ से ज्यादा लोगों द्वारा देख लिया गया था। इस ट्रेलर को सबसे ज्यादा 2.02 करोड़ तेलुगु भाषा में देखा गया। हिंदी भाषा का ट्रेलर कुछ कम यानि 1.91 करोड़ लोगों द्वारा देखा गया। कन्नड़ में 0.52 करोड़ और मलयालम में 0.32 करोड़ लोगों ने ट्रेलर को देखा। स्पष्ट रूप से रामचरण और जूनियर एनटीआर की प्रमुख भूमिका वाली फिल्म को आकर्षित कर सकने वाली अखिल भारतीय फिल्म बन गई है।

आधा दर्जन फिल्मों की कैटरीना

आमतौर पर, यदि कोई बालीवुड फिल्म अभिनेत्री शादी करती है, तो मान लिया जाता है कि उसका करियर खत्म हो गया था, इसलिए शादी नहीं करती तो और क्या करती। परन्तु, विक्की कौशल से शादीशुदा हो गई कैटरीना कैफ के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। वह आज भी काफी व्यस्त हैं। उनकी अक्षय कुमार के साथ एक्शन फिल्म सूर्यवंशी सफलता के झंडे गाड़ रही है। उनकी हारर कामेडी फिल्म फोन भूत बन कर तैयार है। वह सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 कर रही हैं। श्रीराम राघवन की साइकोलाजिकल थ्रिलर फिल्म मेरी क्रिसमस, फरहान अख्तर की ड्रामा फिल्म जी ले जरा और महिला सुपर हीरो फिल्म सुपर सोल्जर करने की खबरें भी हैं। सुना है कि वह आर बल्की की कामेडी फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ ली गई है।

■ अ. का.

भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रदेव बोले: पहले दो ही रोटी खाता था किसान, अब पत्नी की शक्ल देखकर ज्यादा खाता है

बलिया। बलिया के टीडी कॉलेज के मैदान से रविवार को भाजपा गोरक्ष प्रांत की जनविश्वास यात्रा की शुरूआत हुई। जैसे ही मंच पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह पहुंचे तो कार्यकताओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। मंच से स्वतंत्रदेव सिंह ने सपा और अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश के लिए अनुपयोगी हैं। पहले किसान शाम में घर पहुंचता था तो घर में अंधेरा रहता था। उसे पत्नी की शक्ल नहीं दिखती थी। इसलिए वो दो रोटी ही खाता था। आज किसान शाम को घर पहुंचता है तो उसके घर पर उजाला रहता है। पत्नी की शक्ल देख कर वो छह रोटी खाता है। कहा कि अखिलेश प्रदेश में गुंडाराज लाना चाहते हैं। योगी राज में मुख्तार अंसारी जैसे माफिया जेल में हैं। अतीक के घर पर बुलडोजर चल रहा है। स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बना और अपने घर के लोगों को नहीं झोपड़पट्टी वाले को आवास दिया। पांच लाख के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाया। पीएम ने वाल्मीकि समाज के सफाईकर्मियों के पैर धोकर उन्हें सम्मान

दिया। मंच पर कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, राज्य मंत्री उपेंद्र तिवारी, आनंद स्वरूप शुक्ला, जयप्रकाश निषाद, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, रविंद कुशवाहा के साथ ही भाजपा के प्रदेश और गोरक्ष प्रांत के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान विमान से वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर से अपने निर्धारित कार्यक्रम दोपहर साढ़े 12 बजे से 40 मिनट देर से 1.10 बजे पुलिस लाइन में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह भी साथ में थे। यहां से 1.15 बजे टीडी कॉलेज में बनाए गए मंच पर पहुंचे। यात्रा के स्वागत को लेकर रोडवेज, टीडी कॉलेज चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा, मिड्डी, एनसीसी तिराहा के साथ ही यात्रा मार्ग को होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर आदि से सजाया गया। बलिया से निकली यह यात्रा गोरक्ष प्रांत के 61 विधानसभा में जाएगी। 20 दिसंबर को यात्रा बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के सुखपुरा, इसके बाद फेफना विधानसभा के पचखोरा में पहुंचेगी। सिकंदरपुर, बेल्थरारोड होते हुए रसड़ा विधानसभा क्षेत्र कवर करते हुए मऊ के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा में बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डा.धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे भी मौजूद रहे।

सीएम शिवराज ने राहुल और अखिलेश को घेरा- जनविश्वास यात्रा के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जो लोग हिंदुत्व को सांप्रदायिक बताते थे। आज उन्हें ही ये भाने लगा है। राहुल बाबा राम-राम जप रहे हैं। जनेऊ पहन रहे हैं और त्रिपुंड लगा रहे हैं। प्रियंका गांधी गंगा स्नान कर रही हैं। ये भी कहा कि बबुआ की साइकिल भ्रष्टाचार और अन्याय से पंक्चर हो गई है। पंक्चर जोड़ने वाला सरकारी जेल में हैं। कहा कि कांग्रेस और दूसरे लोगों ने आजादी का इतिहास गलत पढ़ाया। बताया कि आजादी गांधी जी, नेहरू और इंदिरा ने दिलाई। हम भी इससे गांधी जी को इंकार नहीं करते, लेकिन वे क्रांतिकारियों को भूल गए। आजादी के 75वें वर्ष में नरेंद्र मोदी कांतिकाकियों की याद दिला रहे हैं।

भाजपा जन विश्वास यात्रा में नड्डा बोले- विपक्ष को आराम करने दो, सीएम योगी को नया काम दो

अम्बेडकर नगर। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 से पहले जन-जन तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के छह जिलों से जन विश्वास यात्रा को रवाना किया। अवध के मजबूत किले में मोर्चा संभालने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पहुंचे थे। आज अम्बेडकर नगर में यात्रा को रवाना करने से पहले भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने इस दौरान भाजपा के काम गिनाने के साथ ही भविष्य की योजनाओं को भी जनता बताया। जेपी नड्डा ने कहा कि हम समर्पित भाव से लोगों की सेवा करते हैं। इसी कारण सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, यह सिर्फ भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है। बाकी किसी और राजनीतिक पार्टी ये कभी भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा का कार्यकर्ता एकत्र होता है, वो जनसैलाब में परिवर्तित हो जाता है। ऐसा ही नजारा आज प्रदेश के मथुरा, झांसी, बिजनौर, बलिया और गाजीपुर में भी है। उन्होंने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों की जनसभाओं में जो भीड़ होती हैं, वो हमारे कार्यकर्ता सम्मेलनों के समान होती है। नड्डा ने कहा कि आज छह जिलों से रवाना जन

विश्वास यात्रा छह स्थानों से प्रारम्भ होकर 403 विधानसभा से निकलेगी और करीब चार करोड़ नागरिकों के साथ सीधा संवाद करते हुए जनता का विश्वास प्राप्त करेगी। अम्बेडकर नगर में नड्डा ने कहा कि डाक्टर राम मनोहर लोहिया को नमन करते हुए यहां की धरती से लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं। यह तो मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस धरती पर आने का मौका मिला। हवाई पट्टी पर भाजपा के जनविश्वास यात्रा कार्यक्रम में नड्डा ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था। आज यह आगे बढ़ रहा है। बिजनेस की नई कहानी लिख रहा है। यहां तो हर जगह एक्सप्रेसवे बन रहा है। आज फर्क दिख रहा है। इसे डबल इंजन की सरकार से बनाये रखना है। नड्डा ने कहा कि विश्व के बड़े-बड़े देश कोरोना वायरस संक्रमण से परेशान हैं, जबकि पीएम मोदी के निर्देश पर काम करके भारत गहरे संकट में नहीं है। भारत टीकाकरण से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के दंगे कैसे भूल सकते हैं। पांच वर्ष में सात सौ से ज्यादा दंगे हुए। आपको तय करना है। उनका माफियाराज और हमारा सुशासन। अखिलेश यादव ने 15 आतंकियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने का काम किया। यह तो कानून के भक्षक हैं, इसलिए इन्हें घर में आराम दो और योगी को काम दो।

गर्म पानी पर झगड़े में पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में पानी गर्म करने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ। फिर पति ने अपनी को तीन तलाक दे दिया। बताया जा रहा है कि दोनों के निकाह को 16 साल हो चुके था और उनके पांच बच्चे भी हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनने के बाद भी यह मामले रुक नहीं रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव का है, मामूली बात पर 16 साल बाद एक शख्स ने अपनी पत्नी को मामूली बात पर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता भाई के साथ थाने पहुंची और पति पर तलाक देकर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पत्नी का आरोप है कि निकाह के बाद से उसके ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करते थे। उसके पांच बच्चे हैं और सबसे छोटा बच्चा महज दो साल का है। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार को दवा खाने के लिए पति को गर्म पानी दिया तो वो नाराज हो गए और बोले कि हम खुद ही कर लेंगे। तो हमने भी कह दिया कि कर लो। फिर इस पर वो नाराज हो गए और तीन बार तलाक बोल कर हमें घर से भगा दिया। साथ ही सभी बच्चों को पीटा। वहीं इस मामले पर एसओ दर्शन यादव ने बताया कि एक महिला ने पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता का कहना है कि उसके छोटे बच्चे हैं, जिनकी परवरिश करने वाला कोई नहीं है।

सपा नेताओं के घरों पर आज भी आयकर विभाग के छापे अखिलेश का आरोप- हमारे फोन टैप करवा रही भाजपा

लखनऊ। यूपी में रविवार को भी समाजवादी पार्टी के नेताओं के घरों पर आयकर विभाग की टीम ने छापे मारे। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस की और तंज कसा कि अनुपयोगी सरकार और कर भी क्या सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग मेरा और सपा के अन्य नेताओं के फोन टैप करवा रही है। सपा कार्यालय से जुड़े लोगों के फोन टैप किए जा रहे हैं। यह रिकॉर्डिंग ऐसे अधिकारी कर रहे हैं जो खुद को सत्ता के नजदीक दिखाने का प्रयास करते। इसमें एक अधिकारी मैनपुरी के भी है। समाजवादी सरकार बनने के बाद ऐसे अधिकारियों की खोज खबर ली जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा की बौखलाहट को दिखाता है वो जानते हैं कि वो ये चुनाव हारने जा रहे हैं 2022 में सपा की सरकार आ रही है। ऐसे में वो हर हथकंडा अपना रहे हैं लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि समाजवादी विजय रथ रुकने वाला नहीं है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यह 'अनुपयोगी मुख्यमंत्री' हैं। इस अनुपयोगी मुख्यमंत्री के राज में न तो युवाओं को रोजगार मिल पा रहा है और न ही परीक्षाएं हो पा रही हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। नौजवान परेशान हैं।

किसान परेशान हैं और सरकार है कि उनकी बात सुनती ही नहीं है। अनुपयोगी मुख्यमंत्री को पता है कि जनता उन्हें हटा देगी इसलिए वो आयकर विभाग की रेड करवाकर हमें डराना चाहते हैं लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र की सरकार ने अजय मिश्र टेनी को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया गया है? जो लोग खुद को बुल्डोजर वाली सरकार का दावा करते हैं उनका बुल्डोजर टेनी के घर पर क्यों नहीं चला? अखिलेश यादव ने पत्रकारों को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद का भी वीडियो दिखाया। जिसमें वह कह रहे हैं कि आयकर के छापों से भाजपा को वोटों का नुकसान होगा। सरकार को इस तरह की हरकतों से बचना चाहिए। आयकर विभाग ने शनिवार सुबह सपा नेताओं के पांच शहरों में 12 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। इन शहरों में लखनऊ, मैनपुरी, आगरा, मऊ एवं बेंगलुरु शामिल हैं। लखनऊ में एक साथ तीन ठिकाने पर छापा मारा गया। सभी जगह शनिवार देर रात तक अफसर दस्तावेजों को खंगालते रहे।

अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे महंत नृत्य गोपाल दास, पिछले कई महीनों से हैं बीमार

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास रविवार को रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे। बता दें कि महंत नृत्य गोपाल दास पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे हैं। विगत दिनों उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। तबीयत बिगड़ने पर अयोध्या से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लखनऊ लाया गया था। इस दौरान चिनहट से फैजाबाद मार्ग पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। उनके स्वास्थ्य खराब होने की खबर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य भी विचलित हो उठे थे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास बीते दिनों सांस लेने में समस्या व यूरिन इंफेक्शन की शिकायत पर लखनऊ मेदांता में भर्ती कराए गए थे।

लखनऊ: चार महीने बाद एक ही दिन में 13 कोरोना संक्रमित मिलने से हड़कंप

लखनऊ। ओमिक्रॉन के खतरे के बीच राजधानी लखनऊ में चार माह बाद एक ही दिन में 13 लोगों के कोरोना संक्रमित होने से हड़कंप मच गया। अलग-अलग इलाकों में मिले ये मरीज होम आइसोलेशन में हैं। इनमें से तीन की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है, जबकि दो लोगों ने विदेश जाने के लिए जांच कराई थी। 13 में से एक मरीज दूसरी बार जांच में भी संक्रमित मिला है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार सभी मरीजों की कोविड कमांड सेंटर से निगरानी की जाएगी। एक साथ इतने मरीज मिलने के बाद डीएम अभिषेक प्रकाश ने चिकित्सकीय व प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी हैं। साथ ही सभी अस्पतालों में कोविड वार्ड शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। आलमबाग, अलीगंज, सिल्वर जुबली व सरोजनीनगर आदि क्षेत्रों को रेड जोन में रखा गया है। यहां सघन सर्विलांस, सैनिटाइजेशन अभियान चलाने व बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

बिजनौर पहुंचे गडकरी ने कहा, डबल इंजन सरकार से देश व यूपी का हो रहा है विकास

बिजनौर। चांदपुर के गुलाब सिंह कालेज के मैदान में जन विश्वास यात्रा के शुभारंभ के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंच पर वरिष्ठ नेताओं का पहुंचना शुरू हो गया है। अभी-अभी केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंच पर पहुंचे हैं कार्यकताओं ने दोनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया है। इसी के साथ मंच पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का संबोधन शुरू हो चुका है। डिप्टी सीएम ने कहा, 22 को छोड़िये 27 में भी विरोधियों का समय नहीं आने वाला। गुंडे, लाल और जालीदार टोपी वाले को नहीं छोड़ा जाएगा। बिजनौर में विरोधियों का खाता नहीं खुलने दिया जायेगा। चाहे कोई भी गठ बंधन आ जाये। नितिन गडकरी ने भाषण शुरू करते हुए कहा, खुशी हुई पहली बार इस पवित्र धरती पर आये हैं। यह महात्मा विदुर की पावन भूमि है। चुनाव के महाभारत की शुरूआत होने वाली है। जनता को सत्य के साथ जाना है या असत्य के साथ। विजय जब भी होती है सत्य की होती है। दिल्ली

से देहरादून से मात्र दो घण्टे में, जम्मू आठ घंटे लगेंगे। जिस तरह काम हो रहा है। मेरठ से दिल्ली 45 मिनट लगेंगे। इसका कार्य जल्दी पूरा होगा। इस देश का किसान अन्न दाता ही नहीं ऊर्जा दाता भी बनेगा। आज एथेनाल के पंप लग रहे है। बाइक और कार एथेनाल से चलेंगे। गन्ने से एथेनाल बनने लगा है। चावल से एथेनाल बन रहा है। एक टन चावल से 380 एथेनाल बनेगा। जो गन्ने की कोई से ग्रीन एथेनाल बनेगा। पांच टन पराली से एक टन बायो सीएनजी बनेगा।

पीलीभीत के बाइफरकेशन के पास मिला ग्रामीण का शव, फैली सनसनी

बरेली। पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाइफरकेशन के पास एक ग्रामीण का शव मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सेल्हा निवासी सुरमुख सिंह शनिवार की शाम अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बाहर गए थे। देर शाम किसी ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी कि एक ग्रामीण बाइफरकेशन के पास बेसुध पड़ा हुआ है। पड़ोस में ही एक बाइक पड़ी हुई है। इस पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। वहां पड़े ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सक ने परीक्षण के बाद ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से ही थाने में सूचना दी गई। तब पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लिया। अस्पताल के कर्मचारी ने ग्रामीण को पहचान लिया था। उसने स्वजन को सूचना दे दी। तब परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

मंडलायुक्त ने परखी शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता

मैनपुरी। मंडलायुक्त, आगरा मंडल अमित गुप्ता घिरोर पहुंचे। उन्होंने तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। लोगों की शिकायतें सुनने के साथ ही उन्होंने निस्तारित शिकायतों की गुणवत्ता जांचने के लिए फोन पर फरियादियों से बात की। उन्होंने भूमि संबंधी मामले प्राथमिकता पर निस्तारित करने के आदेश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि जहां भी ग्राम सभा, तालाब की भूमि पर अनाधिकृत कब्जे हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए। यदि पट्टे की भूमि पर किसी द्वारा अनाधिकृत कब्जा किया गया है तो उसे खाली कराएं। यदि मौके पर भूमि का रकवा कम है तो पट्टेदारों को बराबर-बराबर भूमि पर काबिज कराया जाए। कस्बा घिरोर निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध कस्बा निवासी चंद्रप्रताप सिंह ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि आरोपी पक्ष द्वारा सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है। मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार घिरोर द्वारा 30 अक्तूबर 2021 को मामले की जांच की गई। इसके बाद 17.82 लाख रुपये का जुमार्ना लगाते हुए कब्जा हटाने के आदेश दिए। लेकिन आज तक कब्जा नहीं हट सका। शिकायतकर्ता ने आरोपी को राजनीतिक रसूखदार बताया।

डीएम ने आधे घंटे में दिलाई परिवार रजिस्टर की नकल- शिकायतें सुनने के दौरान महटौली निवासी आकांक्षा ने पंचायत सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल न देने की शिकायत की। इस पर उन्होंने आधे घंटे के अंदर सचिव को बुलाकर मौके पर ही परिवार रजिस्टर की नकल दिलवाई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय, संयुक्त विकास आयुक्त शशि मौली मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीपी सिंह, परियोजना निदेशक केके सिंह, उप निदेशक कृषि डीवी सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत अतुल अग्रवाल मौजूद रहे।

सुलतानपुर में युवक की पीट-पीटकर हत्या

सुलतानपुर। अवैध संबंधों के चलते हिंदुआबाद गांव में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक रात के अंधेरे में दोस्त की पत्नी से मिलने पहुंचा था। सुलतानपुर जिले के करौंदिकला थानाक्षेत्र के हिंदुआबाद गांव में हुई सनसनीखेज वारदात से हड़कंप मच गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, करौदीकलां क्षेत्र अन्तर्गत हिन्दुआबाद निवासी रमाशंकर व युनुस उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी मनगवां जनपद अयोध्या दोनों मुम्बई में टैक्सी ड्राइवर थे। साथ में काम करते करते दोनों में दोस्ती हो गई। युनुस रमाशंकर के घर आने जाने लगा। साथी रमाशंकर की पत्नी से यूनुस अवैध संबंध हो गए। शनिवार की रात्रि में युनुस रमाशंकर की पत्नी से मिलने आया था। इसकी भनक लगते ही रमाशंकर के भाई शिवकुमार व कृपाशंकर ने युनुस को दबोच लिया। लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। गंभीर रूप से जख्मी यूनुस को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आजादी का अमृत महोत्सव : गंगा को स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ-साथ गंगा घाट पर की साफ-सफाई

दुबहर। नेहरू युवा केंद्र बलिया के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत नदी उत्सव समारोह गंगा स्वच्छता का कार्यक्रम क्षेत्र के जनेश्वर मिश्र सेतु के निकट संम्पन हुआ। जिसमें स्वामी विवेकानंद युवा मंडल नगवा व जनाड़ी के युवाओं द्वारा गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प के साथ - साथ गंगा घाट पर साफ सफाई किया गया।

इस दौरान उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए नगवा के प्रधान प्रतिनिधि भुवनेश्वर पासवान ने कहा कि नदियों को स्वच्छ रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सलभ उपाध्याय ने कहा कि गंगा की निर्मलता को बरकरार रखना एक

चुनौती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीकांत गिरी मुन्ना ,गोविंद यादव, रितेश पांडे ,ओम जी दुबे ,छोटू यादव ,गोलू चौबे ,सोनू यादव, रामाशीष यादव, सत्यम ,,सभाजीत यादव गुड्डू, रंजन यादव ,आदि लोग रहे। वर्धन पाठक ने सबका आभार प्रकट किया तथा संचालन राहुल यादव ने किया।

मासूमों ने बड़ों को लोकतंत्र के यज्ञ में मतदान की आहूति के लिए किया प्रेरित

बलिया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पूरे गांव और सड़क पर बच्चों ने भ्रमण किया और बड़ों से मतदान में सहभागिता की सिफारिश की। बच्चों ने स्लोगन और नारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली का उद्देश्य भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक बनाना और लोगों को आने वाले

चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना था। रैली को उन्नत किसान अंजनी कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली के लिए बच्चों को सहायक अध्यापक अंजली तोमर ने तैयार किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव सहित सभी अध्यापकों ने मनोयोग से सहभागिता की।

घर, कार्यालय, प्रतिष्ठान सब जगह एक साथ हुई छापेमारी

मैनपुरी। आयकर विभाग की टीम ने सुबह तड़के छह बजे एक साथ राज कारपोरेशन लिमिटेड (आरसीएल) के डायरेक्टर के घर, कार्यालय व अन्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। सुबह जब टीम पहुंची तो लोग सोकर भी नहीं उठे थे। इसके लिए पहले से तैयारी की गई थी। मैनपुरी आयकर विभाग की टीम को बाद में मौके पर बुलाया गया। आज सर्दी अधिक होने के साथ ही हल्का कोहरा भी था। इसके कारण सुबह छह बजे तक लोग घरों में ही थे। इसी बीच आयकर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी 12 गाड़ियों में सवार होकर पंजाबी कॉलोनी स्थित आरसीएल के डायरेक्टर मनोज यादव के घर और कार्यालय पहुंचे। जब टीम पहुंची तो परिवार के सभी लोग सो रहे थे। गेट पर तैनात कर्मचारी की सूचना पर मनोज यादव ने गेट खुलवाया। इसके बाद टीम अंदर दाखिल हुई। इसके बाद केवल टीम के सदस्यों को ही घर से बाहर आने जाने की अनुमति दी गई। बीच में कई बार मनोज यादव बाल्कनी से बाहर देखते नजर आए। दोपहर बाद उन्होंने गेट पर आकर दो मिनट के लए पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि कैसे क्या होता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग का सर्वे एक सरकारी प्रक्रिया है, लेकिन ये बात और है कि कार्रवाई एक तरफा की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे सभी भुगतान ऑनलाइन ही कराते हैं। उन्होंने खुद को मैनपुरी व आसपास के जिलों में सर्वाधिक आयकर देने वाला बताया। छापेमारी के लिए आई टीम में दिल्ली, लखनऊ, आगरा, कानपुर, झांसी और प्रयागराज से अधिकारी और कर्मचारी आए थे। टीम ने आरसीएल कंपाउंड में पहुंचने के बाद मैनपुरी में तैनात आयकर विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी दी। इसके बाद वे भी मौके पर पहुंच गए। टीम सुबह से लेकर देर शाम तक घर के साथ-साथ आरसीएल कंपाउंड में बने कार्यालय में जांच करती रही।

स्टार्क की स्वींग व लियोन की फिरकी में फंसे अंग्रेज

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 236 रन पर समेटा

एडिलेड। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (37 रन पर चार विकेट) और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (58 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरे दिन रात्रि एशेज टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पहली पारी में 236 रन पर समेट दिया।

ऑस्ट्रेलिया को इस तरह पहली पारी में 237 रन की भारी भरकम बढ़त मिली लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में स्टंप्स तक 17 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 45 रन बना लिए हैं। इस तरह उसकी बढ़त अब 282 रनों की हो गई है, जबकि उसके 9 विकेट और मैच में दो दिन का खेल शेष है। कंगारू टीम ने पहली पारी 473 रनों पर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया को इकलौता झटका ओपनर डेविड वॉर्नर के रूप में लगा। वह 13 रन बनाकर रन आउट हुए। मिचेल नेसेर 2 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि हारिस ने नाबाद 21 रन बनाए हैं। इससके पहले इंग्लैंड ने शुक्रवार के दो विकेट पर 17 रन से आगे खेलना शुरू किया। डेविड मलान ने एक और कप्तान जो रूट ने पांच रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों स्कोर को 150 तक ले गए। रूट 116 गेंदों में सात चौकों के सहारे 62 रन बनाकर कैमरून ग्रीन का शिकार बने। इस साझेदारी के टूटते ही इंग्लैंड ने अपने आखिरी आठ विकेट 86 रन जोड़कर गंवा दिए। मलान को स्टार्क की गेंद पर स्मिथ ने लपका। मलान ने 157 गेंदों में 10 चौकों के सहारे 80 रन बनाए। बेन स्टॉल्स ने 98 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन तथा क्रिस वोक्स ने 40 गेंदों में पांच चौकों के सहारे 24 रन बनाए। लियोन ने इंग्लैंड के निचले मध्य क्रम को निपटाया जबकि स्टार्क ने स्टुअर्ट ब्रॉड को आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट कर इंग्लैंड की पारी समेट दी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क ने चार विकेट, लियोन तीन विकेट, ग्रीन ने दो विकेट और माइकल नेसर ने एक विकेट लिया।

बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलेंगे पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 26 दिसंबर से एमसीजी में शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में टीम का हिस्सा रहेंगे। कोविड संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से वह एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। कमिंस ने मौजूदा टेस्ट की पूर्व संध्या पर न्यू साउथ वेल्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के तेज गेंदबाज हैरी कॉनवे के साथ लिटिल हंटर स्टीकहाउस में भोजन किया था, जिसके बाद वे प्लेइंग इलेवन में हिस्सा नहीं थे।

गुलाबी गेंद से 50 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने स्टार्क

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में गुलाबी गेंद से 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। स्टार्क ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके साथी खिलाड़ी जोश हेजलवुड और नाथन लियोन इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने 32-32 विकेट लिए हैं। वहीं लियोन गुलाबी गेंद के साथ सबसे सफल स्पिन गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में हेजलवुड नहीं खेले, लेकिन स्टार्क और लियोन ने इस मैच की पहली पारी में भी बेहतरीन गेंदबाजी की। इन दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर इंग्लैंड के सात बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इंग्लैंड के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में स्टार्क ने चार और लियोन ने तीन विकेट अपने नाम किए। गुलाबी गेंद के साथ ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड बहुत ही शानदार है। ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा डे-नाइट टेस्ट खेलने वाली टीम है और गुलाबी गेंद के साथ इस टीम का रिकॉर्ड भी शानदार है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक आठ डे-नाइट टेस्ट खेले हैं और हर मैच में कंगारू टीम को जीत मिली है।

रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

इंग्लैंड के कप्तान जो रूट गजब फॉर्म में हैं। उन्होंने ब्रिस्बेन में अर्धशतक जड़ने के साथ सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान हासिल किया। रूट ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने के मामले में महान भारतीय बल्लेबाज को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं, उन्होंने 2021 में 1600 रन भी पूरे कर लिए हैं। कैलेंडर वर्ष में ऐसा करने वाले दुनिया के वह चौथे बल्लेबाज हैं। सचिन ने 2010 में 14 टेस्ट की 23 पारियों में 78.10 की औसत से 1562 रन बनाए थे, जिसमें 7 शतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 रन था। दूसरी ओर, रूट ने 2021 में 14 मैचों की 26 पारियों में 1600 से अधिक रन बना लिए हैं। इसमें उनके नाम 6 शतक दर्ज हैं।

कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन

- 2006 : मोहम्मद यूसुफ (पाकिस्तान), 1788 रन
- 1976 : विवियन रिचर्ड्स (वेस्टइंडीज), 1710 रन
- 2008 : ग्रीम स्मिथ (साउथ अफ्रीका), 1656 रन
- 2021 : जो रूट (इंग्लैंड), 1600 से अधिक

बुंदेसलीगा के एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने लेवांडोवस्की

बायर्न म्यूनिख ने वोल्फसवर्ग को 4-0 से करारी शिकस्त दी

नई दिल्ली। बुंदेसलीगा लीग के मुकाबले में बायर्न म्यूनिख ने वोल्फसवर्ग को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच में बायर्न के लिए लेवांडोवस्की के अलावा थॉमस मूलर, उपमायेंको और लिरॉए साने ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न के 17 मैचों में 43 अंक हो गए हैं और टीम दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से 9 अंक आगे हो गई है। इस मुकाबले में शानदार फॉर्म में चल रहे बायर्न म्यूनिख के स्टार फुटबॉलर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मौजूदा समय में दुनिया के सबसे बेहतरीन फुटबॉलरों में से एक लेवानडॉस्की बुंदेसलीगा के एक कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। लेवानडॉस्की ने वोल्फसवर्ग के खिलाफ मैच के 88वें मिनट में गोल कर मुकाम हासिल किया। बायर्न के फॉरवर्ड का साल 2021 में ये 34 बुंदेशलीगा मैचों में 43वां गोल रहा।

इसके साथ ही उन्होंने जर्मन फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में शुमार गर्ड मुलर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। गर्ड मुलर ने साल 1972 में 42 बुंदेशलीगा गोल किए थे। इससे पहले लेवानडॉस्की ने इसी साल मई के महीने में अपना 41वां गोल कर एक बुंदेशलीगा सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में गर्ड मुलर के ही रिकॉर्ड को ध्वस्त किया था। वहीं रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने एक कैलेंडर ईयर में सभी प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी कर ली। पोलैंड के स्ट्राईकर का इस साल सभी प्रतियोगिताओं में 69वां गोल था। जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी साल 2013 में 69 गोल किए थे। वहीं एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में लियोनल मेसी पहले नंबर पर हैं। मेसी के नाम साल 2012 में 91 गोल दर्ज हैं।

एक साल में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी

खिलाड़ी	खेल
1. लियोनल मेसी 2012	91
2. गर्ड मुलर 1972	85
3. पेले 1958	75
4. रोमारियो 2000	72
5. पेले 1965	72

आईपीएल : लखनऊ के मेंटर बने गंभीर

लखनऊ। आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ ने शनिवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम का मेंटर बनाया। फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने शनिवार को यह पुष्टि करते हुए बताया कि दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान गौतम सपोर्ट स्टाफ में बतौर मेंटर जुड़ेंगे। गौतम की नियुक्ति गोयनका के आरपीएसजी ग्रुप की दूसरी बड़ी घोषणा है, जिसने अक्टूबर में लखनऊ फ्रेंचाइजी को 7090 करोड़ रुपए की सबसे महंगी बोली में खरीदा था। कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान गौतम से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एंडी फ्लॉवर को टीम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

क्वॉर्टर फाइनल में भिड़ेंगे मप्र व उप्र

अय्यर पर होंगी प्रदेश की निगाहें

जयपुर। कर्नाटक, विदर्भ और मध्य प्रदेश की टीम रविवार को यहां खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के तीन प्री क्वॉर्टरफाइनल में अपनी अपनी प्रतिद्वंद्वियों से थोड़ी मजबूत दिखायी देती हैं। तीसरा क्वॉर्टर फाइनल दो पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच होगा और इसके भी रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है। मध्य प्रदेश की टीम वेंकटेश अय्यर के प्रदर्शन से मजबूत दिखती है जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण टी20 श्रृंखला में चमकदार प्रदर्शन किया था और यही दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा कर सकता है। मध्य प्रदेश बनाम उत्तर प्रदेश मैच में सभी का ध्यान अय्यर पर लगा होगा जिन्होंने लीग चरण में बल्ले से चमकदार प्रदर्शन किया। बायें हाथ का यह सलामी बल्लेबाज किसी भी अच्छे गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकता है और उत्तर प्रदेश भी इससे बच नहीं सकता। पिछले आईपीएल सत्र की खोज अय्यर ने अभी तक पांच मैचों में 349 रन बना लिये हैं। मध्य प्रदेश के लिए शुभम शर्मा अहम खिलाड़ी होंगे जो अभी तक लीग चरण में 335 रन बना चुके हैं। लेकिन अन्य बल्लेबाजों को भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन आक्रमण के खिलाफ अपनी भूमिका बेहतरीन ढंग से निभानी होगी जिसमें यश दयाल और शिवम मावी जैसे तेज गेंदबाज शामिल हैं।

फिटनेस हासिल करने के लिए एनसीए में पसीना बहा रहे हार्दिक पंड्या

2019 से ही अपनी कमर को लेकर है परेशान

नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या बीते काफी अर्से से अपनी फिटनेस को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन इस स्टार ऑलराउंडर की पूरी कोशिश है कि वह जल्द से जल्द अपनी पूरी फिटनेस को हासिल कर लें।

वह इस दिशा में कोशिश भी करते हुए नजर आ रहे हैं। अपनी लोअर-बैक में तकलीफ की वजह से वह विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवर का घरेलू टूर्नामेंट) में भी नहीं खेल रहे। साल 2019 से ही हार्दिक अपनी कमर को लेकर परेशान हैं। बड़ौदा के इस क्रिकेटर ने हाल ही में मुंबई में रीहैब में भाग लिया था। 28 वर्षीय हार्दिक ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में दिखाया है कि वह कैसे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शुरुआती कुछ स्टोरीज में जहां उन्हें जॉगिंग और वॉर्मअप करते देखा जा सकता हैं वहीं अगली कुछ में वह कई तरह की एक्सरसाइज कर रहे हैं। 2019 में सर्जरी के बाद से ही हार्दिक पूरी फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भी देखा गया कि हार्दिक अपने रंग में नहीं हैं। हाल ही में मुंबई इंडियंस ने भी इस स्टार खिलाड़ी को रीटेन नहीं किया था। मुंबई ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, कायरन पोलार्ड और जसप्रीत बुमराह को रीटेन किया था। इसके बाद पंड्या ने कहा था कि मुंबई इंडियंस हमेशा उनके दिल के करीब रहेगी।

गाशिमोव मेमोरियल शतरंज में रऊफ मामेदोव ने विश्वनाथन आनंद को हराकर किया बड़ा उलटफेर

नई दिल्ली। गाशिमोव मेमोरियल शतरंज में रऊफ मामेदोव ने विश्वनाथन आनंद को हराकर किया बड़ा उलटफेरभारतीय धुरंधर विश्वनाथन आनंद को सातवें वुगार गाशिमोव मेमोरियल शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन निचली रैंकिंग वाले ग्रैंडमास्टर रऊफ मामेदोव ने आर्मागेडोन में हरा दिया। टूर्नामेंट में फेबियानो कारूआना, सर्जेइ कर्जाकिन और शखरियार मामेदियारोव जैसे दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन आनंद ने अजरबैजान के मामेदोव को दो गेम के रैपिड मिनी मैच के पहले गेम में हराया लेकिन दूसरा हार गए। मामेदोव ने आर्मागेडोन (इसमें सफेद मोहरों से पांच मिनट और काले मोहरों से चार मिनट मिलते हैं। साठ चालों के बाद हर चाल पर तीन सेकंड बढते जाते हैं) जीता। हंगरी के ग्रैंडमास्टर रिचर्ड रैपोर्ट ने दोनों गेम में कर्जाकिन को हराया। कारूआना और मामेदियारोव ने एक गेम जीता और एक ड्रॉ खेला। यह टूर्नामेंट रैपिड और ब्लिटज वर्गों में खेला जाएगा। रैपिड वर्ग के मुकाबले 21 दिसंबर को खत्म होंगे जिसके बाद ब्लिटज शुरू होगा।

दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान होंगे लोकेश राहुल

चोटिल रोहित शर्मा की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी

जोहान्सबर्ग। भारतीय क्रिकेट चयन समिति की ओर से बीते दिनों सफेद गेंद टीम के नियमित उप कप्तान चुने गए लोकेश राहुल को अब दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम का भी उप कप्तान बनाया गया है।

वह टेस्ट के मूल उप कप्तान रोहित शर्मा की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे, जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट जगत में इस नियुक्ति को राहुल के टेस्ट टीम में तेजी से बढ़ते कद का परिणाम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पृथ्वी शॉ, शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के दो साल तक टेस्ट टीम से बाहर रहने के चलते राहुल को इस साल अगस्त में भारत के इंग्लैंड दौरे पर टीम में मौका दिया गया था और यहां उन्होंने नॉटिंघम में पहले टेस्ट मैच में 84 रनों की शानदार पारी से सभी को प्रभावित किया था। 29 वर्षीय राहुल ने इसके बाद लॉर्ड्स में खेले गए अगले टेस्ट में भी बेहतर प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने शतक जड़ा।सह-सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ उनके फॉर्म के कारण ही भारत इस सीरीज में 2-1 से आगे हुआ। सीरीज का पांचवां मैच हालांकि कोरोना संक्रमण के कारण स्थगित कर दिया गया था जो अब अगले साल निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि सेंचुरियन में 26 दिसंबर को पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन से सात जनवरी के बीच जोहान्सबर्ग, जबकि तीसरा तथा आखिरी टेस्ट मैच 11 से 15 जनवरी तक केप टाउन में खेला जाएगा। **भारतीय टेस्ट टीम :** विराट कोहली (कप्तान), लोकेश राहुल (उप कप्तान), मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्या रहाणे, प्रियांक पांचाल, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रिद्धिमान साहा , रविचंद्रन अश्विन, जयंत यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज।

चैलेंजर ट्रॉफी के लिए योगेंद्र, सूरजभान व रामनिवास का इंडिया ए और बी टीम में हुआ चयन

भोपाल। मप्र फिजीकली चैलेंज्ड क्रिकेट असोसिएसन के सचिव संजय सिंह तोमर के द्वारा अवगत कराया गया कि फिजीकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएसन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 28 से 31 दिसम्बर तक पंचकुला (हरियाणा) में आयोजित होने जा रही चैलेंजर ट्रॉफी के लिए योगेंद्र भदौरिया (ग्वालियर) ,सूरजभान शर्मा (डबरा) और रामनिवास सिंह गुर्जर (ग्वालियर) का चयन हुआ है। इस टूर्नामेंट में इंडिया ए, बी, सी, डी नाम से चार टीमें भाग लेंगी। जिनके लिए इन तीनों खिलाडियों का चयन हुआ है। साथ ही सचिव तोमर जी ने यह भी बताया कि बीसीसीआई ने अपनी वार्षिक बैठक में डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कमेटी बनाने का फैसला किया था और अब कमेटी का गठन किया गया है। पीसीसीएआई के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लोहिया और जनरल सेक्रेटरी रवि चौहान काफी समय से लगातार बीसीसीआई और सचिव जय शाह जी और अध्यक्ष सौरव गांगुली जी के संपर्क में थे, उन्होंने जय शाह और सौरव गांगुली से अनुरोध किया कि दिव्यांगों के लिए एक अलग कमेटी बनाई जाए।

विजयवर्गीय व असनानी बीसीसीआई की सबकमेटियों में

इंदौर। सालों बाद बीसीसीआई की समितियों में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। हाल ही में बीसीसीआई की एजीएम के बाद सबकमेटियों की घोषणा की गई। जिसमें इंदौर के पूर्व रणजी क्रिकेटर और वर्तमान में म.प्र. रणजी टीम के चीफ सिलेक्टर अमिताभ विजयवर्गीय को बीसीसीआई की टूर फिक्चर और टेक्निकल कमेटी में मनोनित किया गया है। इसी तरह पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर सुधीर असनानी को भी बीसीसीआई की अंपायर कमेटी में जगह मिली है। दोनों की नियुक्ति पर म.प्र. क्रिकेट का एक बार फिर बीसीसीआई में प्रतिनिधित्व दिखाई देगा।

बेटी जीवा और साक्षी संग एयरपोर्ट पर दिखे एमएस धोनी

मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनके साथ वाइफ साक्षी और बेटी जीवा भी थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो वे जयपुर किसी शादी में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए। वायरल हो रहे वीडियो को देख फैंस क्रेजी हुए जा रहे हैं। कुछ फैंस ने तो कॉमेंट किया- वीडियो देखकर आज का दिन बन गया। महेंद्र सिंह धोनी वीडियो में ब्लैक आउटफिट में कूल नजर आ रहे थे तो साक्षी प्रिंटेड गाउन में दिख रही हैं, जबकि जीवा हमेशा की तरह क्यूट दिख रही हैं। धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से अभी कई सीजन तक खेलते दिखेंगे।

विवाद के बीच दिखी एकता, दक्षिण अफ्रीका में टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस

टीम इंडिया तीन टेस्ट मैच खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। दक्षिण अफ्रीका में भारत के खिलाड़ियों ने अपना प्रैक्टिस शुरू कर दिया है। विराट कोहली की नेतृत्व वाली टेस्ट टीम 26 दिसंबर को अपना पहला टेस्ट मैच खेलेगी। यह मुकाबला बॉक्सिंग डे पर होगा। इससे पहले टीम इंडिया ने सेंचुरियन में अपना पहला प्रैक्टिस सेशन खेला। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने प्रशंसकों के लिए कुछ तस्वीरें साझा की। तस्वीरों के साथ बीसीसीआई ने लिखा- सेंचुरियन में टीम इंडिया ने पहले टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। वैसे तो यह प्रक्रिया सामान्य है लेकिन कप्तानी विवाद के बीच जिस तरीके से टीम इंडिया में बिखराव की आशंका जताई जा रही थी उस पर बीसीसीआई की ओर से विराम लगाने की कोशिश की गई है। जो तस्वीरें साझा की गई है उसमें विराट कोहली बैटिंग करते नजर आ रहे हैं। वही एक और तस्वीर में आर अश्विन गेंदबाजी प्रैक्टिस करते दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में कई खिलाड़ी मंथन करते दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखें तो यह तस्वीरें आंखों को सुकून प्रदान करने वाली है क्योंकि हाल में ही हमने देखा किस तरीके से विराट कोहली और बीसीसीआई के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इस बात की पुष्टि की। रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया था, लेकिन चोटिल होने के कारण वह आगामी श्रृंखला से बाहर हो गये है। राहुल ने अब तक 40 टेस्ट खेले हैं। इस 29 साल के खिलाड़ी ने इस प्रारूप में छह शतकों की मदद से 35.16 की औसत से 2321 रन बनाए हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और विराट कोहली के बीच विवाद जारी, गांगुली ने कहा

मुझे विराट का रवैया पसंद, लेकिन वो बहुत झगड़ा करता है

नई दिल्ली। विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटाने के बाद भारतीय क्रिकेट काफी विवादों में रहा है। पहले रोहित और विराट के बीच अनबन की खबरें आईं और फिर विराट ने बीसीसीआई अध्यख सौरव गांगुली का बयान ही गलत साबित कर दिया।

इस बीच सौरव गांगुली ने कहा है कि उन्हें विराट का रवैया पसंद है, लेकिन वो बहुत झगड़ा करते हैं। ऐसे समय में गांगुली के इस बयान को पूरे विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि गांगुली पहले ही साफ कर चुके हैं कि उन्हें इस मामले पर कुछ नहीं कहना है और बोर्ड इससे ठीक तरीके से निपटेगा। सौरव गांगुली ने विराट के बारे में यह बात गुड़गांव में एक कार्यक्रम के दौरान कही है। रिपोर्ट के अनुसार गांगुली से पूछा गया कि उन्हें किस खिलाड़ी का रवैया पसंद है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें विराट का रवैया पसंद है, लेकिन वो झगड़ा बहुत करते हैं। इसके बाद उनसे तनाव को लेकर भी सवाल किया गया। इस पर दादा का जवाब था कि जिंदगी में कोई तनाव नहीं है, तनाव तो सिर्फ बीवी और गर्लफ्रेंड देते हैं।

भारतीय टीम ने प्रेक्टिस सेशन में बहाया पसीना

भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे का आगाज 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच से होगा। तीन मैच की इस टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका की धरती पर पहले नेट सेशन में हिस्सा लिया। इस प्रैक्टिस के दौरान विराट कोहली समेत टीम के अन्य खिलाड़ी पसीना बहाते हुए नजर आए। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के पहले प्रैक्टिस सेशन की तस्वीरें अपने अधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है। साउथ अफ्रीका की पिच स्विंग, गति और उछाल के लिए जानी जाती है।

द. अफ्रीका दौरे पर फुटवॉली का लुत्फ उठाते नजर आए भारतीय खिलाड़ी

भारतीय टीम मुंबई में तीन दिन के कड़े पृथकवास के बाद शुक्रवार की सुबह यहां चार्टर्ड फ्लाइट से पहुंची। खिलाड़ियों को यहां एक रिजॉर्ट में एक दिन के लिए अलग रहना था जिसके बाद ही वे आउटडोर सत्र में हिस्सा ले सके। बीसीसीआई द्वारा शनिवार को ट्वीट किए गए वीडियो में टीम के सदस्य फुटवॉली के खेल का लुत्फ उठाते दिखे जिसमें मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी शामिल थे। यह श्रृंखला कोविड-19 के अफ्रीका में नए वैरिएंट ओमिक्रोन के आने के बाद बढ़े खतरे के बीच खेली जा रही है। इन परिस्थितियों के कारण भारत के दौरे पर गंभीर संदेह बना हुआ था लेकिन दोनों बोर्ड ने दौरे को बरकरार रखने पर सहमति बनायी।

रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की संयुक्त बैठक केंद्र सरकार के एमएसएमई विभाग उनिडो विभाग और EESL के अधिकारियों संग बैठक का आयोजन किया गया ` जिसके अंतर्गत उपरोक्त विभागों द्वारा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के उद्योगों में ऊर्जा की बचत किए जाने हेतु नई टेक्नोलॉजी से अवगत कराया गया उक्त के संबंध में पुरानी मोटरों को बदलकर नई टेक्नोलॉजी की मोटरों पर जोर दिया गया जिसमें 30% ऊर्जा की बचत नई मोटरों के माध्यम से होना तय किया गया, उन मोटरों के कीमत का मात्र 20% ही विभाग को देना है बाकी 3 वर्षों के आसान किस्तों में भुगतान करने का प्रावधान है साथ में औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न वस्तुओं का कलस्टर बनाने पर भी जोर दिया गया और क्लस्टर में 20 प्रतिभागियों की आवश्यकता होती है जिसमें दस करोड़ तक के प्रोजेक्ट पर 90% धनराशि सरकार द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि

उक्त योजना से औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को बहुत लाभ होगा वह मौजूदा परिदृश्य में ऊर्जा की बचत पर ध्यान देना बहुत जरूरी है ,वह प्लास्टर के गठन पर उद्योग लगाने में मदद मिलेगी। उक्त बैठक में राकेश कुमार संयुक्त निदेशक सूक्ष्म ,लघु, मध्यम, उपक्रम मंत्रालय देवा जीत दास राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक यूएन आईडीयो गिरजा शंकर प्रबंधक प्रौद्योगिकी एवं प्रमुख कारपोरेट प्रोग्राम EESL एसबीएस यादव उपनिदेशक एमएसएमई, डीआई वाराणसी, श्री वीरेंद्र कुमार उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, वाराणसी आदि ने भाग लिया EESL ने परियोजना के लक्ष्यों को साकार करें ने मदद देने के लिए रामनगर अध्ययन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया व वर्कशॉप के दौरान कई एमएसएमई यूनिटों ने अपने यहां पहचान की गई टेक्नोलॉजी को लागू करने की इच्छा जताई है। मुख्य रूप से उद्यमियों में सतीश गुप्ता पंकज बिजलानी अमित गुप्ता अनूप साहू अजय राय सिद्धार्थ बाजरा कौटिल्य जायसवाल श्याम केजरीवाल श्याम अग्रवाल अनूप साहू सत्यवीर साहू राजकुमार खानचंदानी अरविंद सिंह राम सिंह प्रशांत गुप्ता रविंद्र कुमार राजेश जयसवाल आशीष गुप्ता प्रेस सिंह प्रेसिंग जगन्नाथ घोष सुनील जैन कौस्तुभ रुंगटा राहुल शर्मा राजेश जायसवाल संजय लखवानी विवेक ढींगरा त्रिभुवन सिंह विनोद अग्रहरि धर्मेंद्र मौर्य मुकुंद लाल केसरिया देश सैकड़ों की संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

केजरीवाल की दूसरी गारंटी हर साल 10 लाख युवाओं को रोजगार देंगे : आप

बलिया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार ने प्रेसवार्ता कर कहा कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी की सरकार बनने पर हर साल 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा और नौकरी न मिलने तक प्रतिमाह पाच हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उ०प्र० के विधानसभा चुनाव में युवाओं का समर्थन जुटाने के लिए बुधवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने यूपी के लिए केजरीवाल की दूसरी गारंटी पेश करते हुए घोषणा की कि प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हर साल 10 लाख बेरोजगारों को देंगे। प्रदेश के बेरोजगारों को जब तक रोजगार नहीं उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक प्रतम पांच हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता मुहैया कराया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा मित्र शिक्षा अनुदेशक, शिक्षा प्रेरक और सभी आंदोलनरत युवाओं की मांगों को पूरा किया जाएगा इस मौके पर उन्होंने योगी सरकार पर युवाओं से वादा खिलाफी का आरोप लगाया और उसे पेपर लीक सरकार बताया। उत्तर प्रदेश का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है. लोगों का योगी जी की सरकार से मोहभंग हो रहा है। योगी जी की सरकार जो 70 लाख रोजगार देकर उत्तर प्रदेश को नंबर वन बनाने का वादा करके आई थी. उसने उत्तर प्रदेश में युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर बहुत ही बडा मजाक किया है। यूपी में रोजगार मागने वाले नौजवानों पर योगी सरकार द्वारा किस तरह से लाठियां भांजी जाती है, यह पूरा देश देख चुका है। 70 लाख रोजगार देने का वादा इन्होंने किया था, लेकिन जब भी रोजगार के लिए कोई परीक्षा होती है, तो परीक्षा का पेपर लीक करने में योगी राज नंबर वन है। रोजगार की आस लगाए हुए युवा मेहनत करता है और सोचता है कि पेपर देगा पास करेगा. उसके बाद में उसकी जॉब लगेगी, लेकिन अंत में जब वह पेपर देने जाता है तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया।जिला अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार ने जिले के युवाओं से अपील की है कि अपना एक एक चोट से आम आदमी पार्टी की सरकार बनवाइए आपके एक-एक वोट से ईमानदारी से रोजगार निकलेंगे और कोई पेपर लीक नहीं होगा कहा- उत्तर प्रदेश के युवाओं के भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी घोषणा आम आदमी पार्टी की ओर से की जा रही है।

जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने मंडुआडीह के पहाड़ी में किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डा0 जितेन्द्र सेठ,देवेंद्र सिंह,जिला महासचिव राम श्रृंगार पटेल, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी अनुराधा यादव,जिला सचिव रामाश्रय पटेल,प्रेमनाथ सिंह,शिव सुंदर यादव,अमित यादव,महेंद्र यादव, राजकुमार सोनकर,संतोष चौरसिया,आशा देवी,शाहिस्ता यासमीन,तारा पाल,माधुरी पां

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 11 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर क्षेत्र के पियवा पोखरा निवासी लालू उर्फ सृष्टि पुत्री कन्हैया उम्र 11वर्ष अपने घर के पास खेल रही थी तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गई परिजनों ने तत्काल उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसे आंख के पास गंभीर चोटें आई थी जिसकी स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया।

एजुकेशन वर्ल्ड, इंडिया स्कूल रैंकिंग 2021-22 में बेस्ट को-एड स्कूल का खिताब हासिल कर सनबीम बलिया ने लगाई हैट्रिक

बलिया। सनबीम स्कूल बलिया आज किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं।बहुत ही कम समय में इस विद्यालय ने अपने कठोर परिश्रम, लगन एवम् विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास के अपने अनोखे प्रयासों से शिक्षा जगत में अपने नाम को विशिष्टता के शिखर पर पहुंचा दिया है। विद्यालय का उद्देश्य न केवल पठन-पाठन कराना अपितु अपने विद्यार्थियो का सर्वांगीण विकास करना भी रहा है जिसकी वजह से शिक्षा जगत के कई पुरस्कार आज विद्यालय के नाम दर्ज हो चूके है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 18 दिसंबर को सनबीम स्कूल बलिया ने लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड, इंडिया स्कूल रैंकिंग 2021-22 का बेस्ट को-एड डे स्कूल का पुरस्कार प्राप्त किया है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष दिल्ली में देश के समस्त विद्यालयों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ठ कार्यों का अवलोकन करते हुए एजुकेशन वर्ल्ड में विभिन्न वर्ग के मापदंडों के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है।

लगातार तीसरे वर्ष यह पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि इच्छा शक्ति दृढ़ हो तो कोई भी कठिनाई आपको सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचने से नहीं रोक सकती। एक ओर जहां संपूर्ण विश्व कोरोना महामारी के बाद उत्पन्न विपरित परिस्थिति से संघर्ष करने में लगा है वहीं सनबीम स्कूल ने इस विकट समय को भी सुअवसर में बदलने के किसी भी अवसर जाया नहीं होने दिया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने लॉकडाउन के समय चलाए जा रहे ऑनलाइन क्लास को रोचक बनाने और शिक्षा को क्रियात्मक बनाने हेतु माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफाइड एजुकेटर की वरीयता प्राप्त कर जिले में इतिहास रचा था। बेस्ट को-एड स्कूल चयनित होने से संपूर्ण विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री संजय कुमार पांडेय तथा सचिव श्री अरूण कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए कहा कि एकजुट होकर पूरे लगन से कार्य करने का ही परिणाम है की लगातार तीसरे वर्ष भी हमें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

वाराणसी में सरदार सेना का जनहित संकल्प महारैली घर-घर दस्तक महाअभियान चला रही है सरदार सेना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जातीय जनगणना एमएसपी कानून को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जातीय जनगणना एवं वंचितों के सम्पूर्ण अधिकार के मुद्दे पर सरदार सेना लगातार संघर्ष कर रही है। जानकारी हेतु आपको बता दें कि बीते

दिनों में इन्हीं मुद्दों को लेकर सरदार सेना द्वारा पूर्वांचल और बुंदेलखंड के 2 दर्जन से अधिक जनपदों में जनहित संकल्प यात्रा किया गया था। लगभग सभी जनपदों में सरदार सेना की रथयात्रा को अपार जनसमर्थन मिला था तथा अभी हाल ही में चित्रकूट जनपद में भी जनहित संकल्प महारैली किया गया जिसमें अपार जनसैलाब उमड़ा था। इसी क्रम में सरदार सेना के राष्ट्रीयी अध्यक्ष डा. आर. एस. पटेल के निर्देश पर वाराणसी जनपद के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए सरदार सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर पर कार्यकताओं के साथ खुद सरदार सेना प्रमुख डा. आर.एस. पटेल भी ग्रामीण भ्रमण में लोगों को जातीय जनगणना व जनहित संकल्प महारैली के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए दिखे।

निम्नवत पांच मुद्दों को लेकर सरदार सेना वाराणसी में जनहित संकल्प महारैली करने जा रही है।

जनहित संकल्प महारैली के निम्न पांच संकल्प हैं जिसमें 1. जातीय जनगणना करना सुनिश्चित किया जाय। 2. एससी, एसटी व ओबीसी के आरक्षण में हुई अनियमितता को बैकलॉग के द्वारा भरा जाय तथा वंचित वर्गों को प्रमोशन में भी आरक्षण दिया जाय एवं निजीकरण को तत्काल रोकते हुए निजी क्षेत्रों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू की जाय। 3. 69 हजार शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में पीड़ित एससी, एसटी व ओबीसी के अभ्यर्थियों को तत्काल न्याय दिया जाय। 4. पुरानी पेंशन नीति को बहाल करते हुए तत्काल लागू किया जाय, जब विधायकों एवं सांसदों को पेंशन तो कर्मचारियों को क्यों नहीं? 5. विधान सभा, विधान परिषद व लोक सभा एवं राज्य सभा के निर्वाचनों में पिछड़ों हेतु आरक्षण व्यवस्था तत्काल लागू की जाय। जनहित संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए सरदार सेना वाराणसी के जिलाध्यक्ष आरके वर्मा के नेतृत्व में केसरीपुर,रोहनिया, करसडॉ,मिल्की चक, कपरफोरवा,सरहरी,हरसोस समेत दर्जनों गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया।

मृतक को जिंदा बता फर्जी तरीके से बैनामा कराने वाली महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। मृतक के स्थान पर किसी दूसरे को खड़ा करा कर फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला बीते 6 माह पूर्व प्रकाश में आया था पुलिस में शिकायत के बाद उक्त महिला की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी, प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर ही निवासी प्राणनाथ की मृत्यु हुए लगभग 1 वर्ष हो गए इनके स्थान पर उर्मिला देवी पत्नी जय कुमार सिंह निवासी रानीपुर थाना चुनार निवासी महिला ने किसी दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर मृतक की जमीन अपने नाम बैनामा करा ली थी इस बात की जानकारी जैसे ही परिजनों की लगी उन्होंने अपने स्तर से इसकी जानकारी जुटाकर अहरौरा थाने में महिला के खिलाफ जालसाजी करने का प्रार्थना पत्र दिया था उस महिला की तलाश में पुलिस ने काफी खोजबीन की, 2 महीने पूर्व थाने की कमान संभालने वाले थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने अपने मुखबिर के जरिए उक्त महिला की तलाश करते हुए बीते शनिवार की रात में उसके घर से ही गिरफ्तार कर धारा 419 420 467 468 471 के अंतर्गत उसे जेल भेज दिया।

ब्रह्माशंकर सिंह की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे हर दल के नेता

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी और कई शिक्षण संस्थानों के संस्थापक,बीजेपी सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक स्वर्गीय ब्रह्माशंकर सिंह के गांव सुल्तानी पुर (रसड़ा) स्थित आवास पर शुक्रवार को आयोजित उनके श्राद्ध व श्रद्धांजलि सभा में लगभग सभी की आवाज थी कि "बहुत देर से सुन रहा था जमाना,पर तुम्हीं सो गये दास्तां कहते-कहते"। उक्त समारोह में उपस्थित हजारों चाहने वालों ने स्व. ब्रह्माशंकर सिंह को अपने नम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष नागपुर गांव स्थित श्रीनाथ मठ के पूर्व महंथ स्वामी शिवानंद जी महाराज, स्व. सिंह की पत्नी श्रीमती राजकुमारी सिंह, पुत्र गणेश नारायण सिंह व गोविंद नारायण सिंह,धीरेंद्र वीर सिंह, डॉ विक्रमादित्य सिंह,सुनीता सिंह, विनय सिंह ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए छपरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो हरिकेश सिंह ने कहा कि हंसमुख व सरल स्वभाव के धनी ब्रह्माशंकर सिंह जी हमेशा समाज के गरीबों,पीड़ितों एवं उपेक्षित लोंगो के उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की और लोक सेवा की साधना में लगे रहे। विधानसभा, विधान परिषद प्रत्याशी के पद के लिए चुनाव लड़ने वाले स्व सिंह ने कभी भी गांव की राजनीति का सम्मान करने में गुरेज नहीं किया। जीवन पर्यन्त बीजेपी में रहने के बाद भी सबन्धों के निर्वाह में कभी जाति धर्म व पार्टी को आड़े नहीं आने दिया। उनकी पहचान एक सच्चे जनसेवक के रूप में अमिट व अमर बनी रहेगी। उनको सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों पर चलकर ही दी जा सकती है। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रीनाथ मठ के महंथ कौशलेन्द्र गिरी जी,नगर पालिका परिषद रसड़ा के कार्यवाहक अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी,समाजसेवी अवधेश सिंह, प्रबन्धक केशव सिंह आजाद,पूर्व प्रमुख अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय विधायक के अनुज रमेश सिंह, डॉ कृष्ण मोहन यादव,डॉ हरिनिवास पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह मुन्ना एडवोकेट, बीजू सिंह, राधेश्याम यादव, जितेंद्र सिंह, विजय शंकर यादव, हरिशंकर सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोगों ने भी उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर का वाराणसी में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

प्रखर वाराणसी। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर के वाराणसी प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सूजीत यादव उर्फ लक्कड़ , युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ,प्रदेश सचिव राजू यादव, प्रदेश सचिव विवेक रंजन यादव ,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा श्रीमती प्रियांशु यादव , लोहियावाहिनी राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव , शिक्षक सभा महानगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू के नेतृत्व में पिंडरा बाबतपुर वाराणसी सीमा में प्रवेश के साथ माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया । बाबतपुर से विशाल काफिला हरहुआ , गिलटबजार , अर्दलीबाजर , जेल रोड , चौकाघाट , तेलियाबाग , मलदहिया , सिगरा , रथयात्रा , गुरुबाग , कमच्छा , भेलूपुर , रविन्द्रपुरी , लंका , सिंहद्वार , ट्रामा सेंटर होते हुए नगवां रविदास घाट के पास योगा मन्दिर के सामने दलित / पिछड़े समाज द्वारा आयोजित सम्मान सभा स्थल पर पहुंचा ।

रास्ते भर बड़ी संख्या में जिले व महानगर के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया । दलित पिछड़े समाज के द्वारा आयोजित सम्मान सभा मे अपने विचार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर ने कहा वर्तमान भाजपा सरकार का डबल इंजन पूरी तरह बेपटरी हो गया है । संविधान को बदलने का कुचक्र किया जा रहा है । संविधान में विपक्ष के जनहित के विचारों पर सरकार को कदम उठाना चाहिए लेकिन वर्तमान सरकार संविधान में दिए अधिकारों का हनन करते हुए संवैधानिक संस्थानों में पदों पर बैठे लोगों को तोता बनाकर विपक्ष का दमन करना चाहती है । अब चुनाव जितने के लिए इनकमटैक्स , ईडी , सीबीआई का भी इस्तेमाल किया जा रहा है । जितना दमन किया जाएगा उतना मन मजबूत कर समाजवादी मैदान में डटे रहेंगे । जातिगत जनगणना से सरकार भाग रही है । समाजवादी मुखिया के विजय यात्रा में उमड़ रही भीड़ ने सत्ता परिवर्तन का संकेत दे दिया है । जल्द ही समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी का संगठन जिले महानगर के साथ बूथ स्तर तक मजबूत दिखेगे । जिलाध्यक्ष सुजीत

यादव उर्फ लक्कड़ ने कहा जब जब सत्ता के इशारे ओर दमन से विपक्ष बिखरा है तब तब समाजवाद के रास्ते पर चलने वाला समाजवादी निखरा है । युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा महंगाई , बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए धर्म के नाम का सहारा लिया जा रहा है । व्यपार सभा महानगर उपाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव और युवजनसभा महानगर उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा यह दमन की नई परम्परा स्वस्थ्य राजनीत के लिए खतरे की घण्टी है । प्रदेश सचिव राजू यादव ने अपने सम्बोधन में कहा यह सरकार विकास के मुद्दे पर फेल है लेकिन आपस मे वैमनस्यता फैलाने में अव्वल है । जिला महासचिव आनन्द मौर्या और जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू ने कहा जब देश प्रदेश का नौजवान अपने हक की बात करता है तब लाठी और फर्जी मुकदमों का भय दिखाकर चुप कराने की परंपरा का निर्वहन अहंकारी सरकार करती है । शिवपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी आनन्द मोहन गुड्डू और पूर्व जिलापंचायत सदस्य उमेश यादव प्रधान ने कहा जब देश के अन्नदाता को अपने हक की मांग के लिए वर्षभर धरना देने की जरूरत पड़े तो समझना चाहिए देश पूंजीपतियों के चंगुल में फंस गया है । शिक्षक सभा महानगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता और रामनगर अध्यक्ष उमेश सोनकर गब्बर ने कहा शिक्षक कोरोना काल से भुखमरी के कगार पर चला गया है लेकिन सरकार को केवल कागजी विकास की गाथा सुनाने की लत लग गई है । बाबतपुर से लंका तक निकले जुलूस का बाबतपुर में अनुसूचित जाति प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कन्नौजिया , ओमप्रकाश सिंह खंजाटी , अजगरा विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने , हरहुआ में शिवपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय यादव चाचू , यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव और युवजनसभा राष्ट्रीय सचिव मो0 जुबैर ने , गिटल बाजार में लोहियावाहिनी राष्ट्रीय सचिव ई0 विवेक सिंह और रवि प्रकाश यदुवंशी ने , महानगर महासचिव जितेन्द्र यादव , महिला सभा महानगर अध्यक्ष पूजा यादव ने अर्दली बाजार , चौकाघाट में लोहिया वाहिनी दीपचंद गुप्ता ने , तेलियाबाग में छात्र सभा महानगर अध्यक्ष सतीश यादव , मलदहिया में अधिवक्ता सभा महानगर अध्यक्ष जमाल अंसारी ने , रथयात्रा में सैनिक प्रकोष्ट के अवधेश यादव , धर्मेन्द्र फौजी ने , कमच्छा में मजदूर सभा महानगर अध्यक्ष जितेंद्र मौर्या और शिक्षक सभा महानगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने , भेलूपुर में कैंट विधानसभा अध्यक्ष दिलीप कश्यप और आशीष शर्मा ने , रविन्द्रपुरी में रवि विश्वकर्मा , सन्दीप मिश्रा ने , लंका पर पिछड़ा शिक्षक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय प्रियदर्शी ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया । स्वागत सम्मान सभा मे और जुलूस में प्रमुख रूप से - सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ , वरुण सिंह , ओपी पटेल , आनन्द मोहन गुड्डू , प्रियांशु यादव , वीरेन्द्र यादव , बाबूलाल यादव , दिनेश यादव , स्वपनिल सोनकर सौरभ , संजय यादव , आलोक गुप्ता , जितेन्द्र पटेल , विशाल सोनकर , लव सोनकर ,अरविंद यादव गोलू , बाबू सोनकर , रवि कुमार बिन्द उर्फ भानु , विनोद पाल , बबलू सोनकर , नीरज सेठ , विनय भट्ट , सचिन यादव , शिव कुमार यादव , धीरज सोनकर , महेश यादव , रविन्द्र यादव कालिया , विवेक यादव , योगेंद्र आर्या , राकेश कुमार पॉल , किशन कन्नौजिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे । सम्मान सभा का संचालन युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने किया व ज्ञापन युवजनसभा कैंट विधानसभा अध्यक्ष अरविंद यादव गोलू ने किया ने किया ।

संक्षिप्त खबरें

डा. सविता मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रखर रामनगर वाराणसी। सुश्रुत क्लब के तत्वावधान में आयोजित डॉ सविता मेमोरियल वालीबाल प्रतियोगिता आगामी २४ एवं २५ दिसम्बर को टेंगरा मोड़ शंकर नगर स्थित वालीबाल कोर्ट में आयोजित किया गया है। २४ दिसंबर को क्षेत्रीय तथा २५ दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित है। सम्पन्न हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में सचिव अमूल्य सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता का यह १८वा वर्ष है। इस प्रतियोगिता में तकरीबन १५० टीमें हिस्सा लेंगी। अध्यक्ष डा तेजबली सिंह ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में नगद राशि रु० साढ़े लाख तक टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर दिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रतियोगिता के विजेता को ८०००/- तथा उपविजेता को ६०००/- नगद राशि प्रदान किया जाएगा तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता को १८०००/- तथा १६०००/- प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन २४/१२/२१ को प्रातः ९बजे डा अनिल पाण्डेय (आई पी एस), सेनानायक ३६वी बटालियन पी ए सी रामनगर द्वारा तथा पुरस्कार वितरण दिनांक २५/१२/२१ को डा दिनेश सिंह (एम डी पैथ,) डायरेक्टर दिनेश पैथालॉजी लंका वाराणसी द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए २४/१२/२१ को पंजीकृत कराना अनिवार्य है?। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आये हुए सभी पत्रकारों का स्वागत कोच ब्रम्हानंद पाठक ने किया। क्लब की ओर से मनभरन यादव, प्रेम पाठक, नुरुल शेख,महादेव यादव, पप्पू, संतोष आदि उपस्थित थे।

जयपुरिया बाबतपुर के छात्र, विवेक एकेडमी के ट्रेनी का यूपीसीए में हुआ चयन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विवेक एकेडमी हरहुआ का ट्रेनी भावित सिंह को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंडर-14 में जिला स्तरीय ट्रायल में चयनित किया गया है। सीमान्त सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद वाराणसी के पिण्डरा विधानसभा के थाने रामपुर गांव का मूल निवासी भावित सिंह जयपुरिया बाबतपुर वाराणसी का कक्षा 8 का छात्र है। भावित सिंह मूलतः मध्यक्रम का बल्लेबाज है मगर सीमान्त सर के मार्ग निर्देशन में स्पिन गेंदबाजी भी में भी आगे बढ़ रहा है। इसके गांव में खुशियां मनाई गई बुजुर्गों द्वारा आशिर्वाद दिया गया।साथ जयपुरिया के डायरेक्टर व प्रिंसिपल द्वारा भी बधाई दी गयी।

ग्रामीण क्षेत्र के क्रिकेटर का चयन यूपीसीए में, गाँव में खुशी की लहर

प्रखर पिंडरा वाराणसी। विवेक एकेडमी का ट्रेनी व ग्रामीण क्षेत्र निवासी भावित सिंह का उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंडर-14 टीम में चयनित होने पर गांव में खुशी की लहर दिखी। किया। क्षेत्र के थानारामपुर गांव निवासी भावित सिंह जयपुरिया स्कूल बाबतपुर का छात्र है और मूलतः मध्यक्रम का बल्लेबाज है। कोच सीमान्त सिंह के निर्देशन में स्पिन गेंदबाजी में भी आगे बढ़ रहा है। इसके चयन से गांव में खुशी का माहौल दिखा और बुजुर्गों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्र का पहला क्रिकेटर होगा जिसका चयन स्टेट लेबल टीम में चयन हुआ।

श्रीमद् भगवत कथा का आयोजन श्री साईं उत्सव वाटिका में

प्रखर रामनगर वाराणसी। श्री साईं उत्सव वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है, आचार्य उपदेशकृष्ण जी महाराज द्वारा कथा किया जा रहा है, कथा सुनने के लिए भक्तगण साईं वाटिका पहुंच रहे हैं, 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक भागवत कथा चलेगा शाम 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कथा चल रहा है,आयोजक श्री मुरारी लाल यादव जी एवं समस्त परिवार पुराना रामनगर।

महिला के खाते से जानकारी के बगैर कटे पैसे, पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर लगाई मदद की गुहार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के सरिया एकली निवासी महिला चंद्रभान सिंह पत्नी दिनेश कुमार सिंह ने स्थानीय थाने परिसर में एक प्रार्थना पत्र देकर उसके बैंक इंडियन बैंक के खाते से बीते शनिवार शाम 5:30 बजे के आसपास कुल 4 बार में अवैध तरीके से पैसे की निकासी होने के बाद उसके मोबाइल पर मैसेज द्वारा सूचना प्राप्त हुई जिसमें उक्त महिला के खाते से 54000 ठगी की शिकार हुई है।महिला ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा कहीं भी ओटीपी, नेट बैंकिंग आदि से संबंधित किसी तरह की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है एवं उसके खाते से काट कर के 4 बार में रुपए की निकासी की गई है उसने पुलिस से प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है।

बीएचयू में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में के0 डी0 स्पोर्ट्स कराटे टीम ने जीते 8 मेडल

प्रखर वाराणसी। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित आल इंडिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता दिनांक 17.12.21 से 18.12.21 तक आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में (के0 डी0 स्पोर्ट्स कराटे) डेहरी केराकत जौनपुर की बी टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। बतादे कि कुल 8 मेडल के साथ टीम विजयी रही। जानकारी के अनुसार कराटे प्रतियोगिता में कुल 8 खिलाडियों ने भाग लेकर समस्त क्षेत्रवासियों डेहरी, डेढुआना, सिझवारा व बासबारी गांव का नाम रोशन किया और अपने अपने गांव को एक नई पहचान दिलाई है। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सूची में गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त करने वालो में किशन मौर्य, चंदन विश्वकर्मा, पायल चौहान, वही सिल्वर मेडलिस्ट प्राप्त करने वालो में सूर्यांशी यादव, आयुषी यादव रहे तथा ब्रांज मेडलिस्ट प्राप्त करने वालो में खुशी कुमारी, प्रिंस मौर्या, कृष्ण यादव रहे।

मारवाड़ी युवा मंच उदया शाखा का काशी कार्निवल एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

डाक्टर दीपाली गुप्ता ने कार्निवल का किया उद्घाटन दुपट्टा व पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मारवाड़ी युवा मंच उदया शाखा द्वारा नववर्ष के आगमन पर काशी कार्निवल एग्जीबिशन का भव्य आयोजन मारवाड़ी युवक संघ के प्रांगण में किया गया ` काशी कार्निवल की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध डॉ दीपाली गुप्ता के कर कमलों द्वारा कार्निवल का उद्घाटन किया गया एवं उनको दुपट्टा पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया ' इस अवसर पर हमारी एक विशेष दिव्यांग बहन शिखा रस्तोगी जी जिन्हे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया था उपस्थित रही ' प्रधानमंत्री जी ने विकलांग को दिव्यांग का नाम देकर उन्हें सबसे ऊंचा दर्जा प्रदान किया शाखा द्वारा बहन शिखा रस्तोगी का पुष्प गुच्छ दुपट्टा एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय गणमान्य पदाधिकारियों एवं सभी शाखाओं से पधारे हुए पदाधिकारियों को दुपट्टा एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया ' इस प्रकार के कार्निवल का

आयोजन मारवाड़ी समाज द्वारा समय-समय पर किया जाता रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हम सभी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं इसी दिशा में दिव्यांगों एवं जरूरतमंद महिलाओं को फ्री स्टॉल आवंटित किए गए जिसमें सूटस साड़ी वूलन क्लॉथ ज्वेलरी हैंड मेड आइटम होम फर्निशिंग्स बेकरी फूड गेम्स स्ट्रॉल और रंग-बिरंगे झूले लगवाए गए जो कि बच्चों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे कोलकाता मुंबई कानपुर लखनऊ इलाहाबाद आदि स्थानों से भी स्टॉल बुक हुए लकी ड्रॉ द्वारा कई तरह के उपहार विजेताओं को दिए गए भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी जी वाजपेई व स्वर्गीय पंडित मदन मोहन मालवीय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए सभी ने मेले में चटपटी चाट गेम्स झूले और शॉपिंग का भरपूर लुत्फ उठाया` अध्यक्षा साक्षी केजरीवाल सहित शिवानी केजरीवाल शिवांगी अग्रवाल ट्विंकल अग्रवाल सुगंधा लोहिया ज्योति केजरीवाल ऐश्वर्या चारू केजरीवाल पूजा पंसारी कोमल अग्रवाल सोनल ज्योति जालान आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

रामेश्वरम् समाजसेवी संस्था ने गरीबों में बांटा कंबल

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। राजगढ़ ब्लाक के न्याय पंचायत, रामपुर सक्तेशगढ़ के 12 ग्राम पंचायतों में 15-15 गरीब, विकलांग, असहाय विधवाओं व वृद्धजनों को प्रति ग्राम पंचायत से मिलाकर कुल 180 पात्र ब्यक्तियों को प्रा. वि. इन्द्रकुश के प्रांगण में दोपहर 12 बजें से कम्बल वितरण किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में, शैलेन्द्र सिहं उर्फ मेघनाथ सिहं पटेल (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य,) अपना दल एस. ... व अति विशिष्ट अतिथि, के रूप में, दुखरन सिहं पटेल (प्रदेश सचिव, ब्यापारमंच) अपना दल एस..... व विशिष्ट अतिथि, के रूप में अर्चना मिश्रा जी, (प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ) जनशक्ति पार्टी..... कार्यक्रम अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह (ब्लाक प्रमुख, राजगढ़) एवं सहकार्यक्रम अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, इन्द्रकुश, तथा संस्था प्रबन्धक रामेश्वर सिहं द्वारा संयुक्त रूप से से, मॉ सरस्वती के प्रतिमा का पूजन अर्चन कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, समस्त अतिथियों का स्वागत सम्मान में, जयसिहं द्वारा माल्यार्पण कर व धनंजय सिहं द्वारा अंग वस्त्र देकर एवं रामेश्वर सिहं द्वारा, गणेश जी का प्रतिमा चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, समस्त ग्राम प्रधान जनों को पुष्पहार व अंग वस्त्र व संस्था का मोमेंटो देकर, मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट

अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया, तथा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को, पुष्पहार व अंग वस्त्र व संस्था का मोमेंटो देकर, विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, द्वारा सम्मानित किया गया,... संचालन, धर्मराज यादव व रविन्द्र यादव द्वारा किया गया, कार्यक्रम मे न्याय पंचायत, रामपुर सक्तेशगढ़ के समस्त सम्मानित प्रधान जन, एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गणों के साथ-साथ संस्था के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गणों मे, धर्मेन्द्र कुमार, प्यारे चौहान, बड़ेलाल सिहं, पंकज सिहं, बंशी पटेल, देवेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, चन्द्रबली, राजेश सोनी, शिवकुमार, हरिश्चन्द्र, सुलेखन, दशरथ, मोलन सिहं, निरज कुमार, मिडिया कर्मी व गॉव के सम्मानित नागरिकगण तथा सम्मानित लाभार्थिगण मौजूद थें।

अत्याचार को रोकने के लिए महिला विकास मंच तत्पर : वीणा मानवी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अत्याचार को रोकने के लिए महिला विकास मंच तत्पर महिला विकास मंच का सातवां वार्षिक महोत्सव मलदहिया स्थित एक होटल में मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल एवं श्री कन्हैयां सिंह सहित विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार सिंह एवं पूर्व मेयर अंजू चौधरी (गोरखपुर) ने किया।महिला हो या पुरुष किसी के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार रोकने के लिए महिला विकास मंच कटिबद्ध है, कई लोगों को न्याय दिलाने में उसे सफलता मिली है मंच का यह कार्य सराहनीय अनुकरणीय है` उपरोक्त बात महिला विकास मंच के सातवें वार्षिक उत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी सुश्री अनुपमा जायसवाल ने कही उन्होंने बताया कि हमारे सुख और दुख का कारण हमारी सोच हैक बड़ी से बड़ी

समस्या का समाधान बातचीत से संभव है एवं ठंडे दिमाग से पहले आपस में ना हो तो परिवार अन्यथा समाज के सहयोग से किया जा सकता है इसके लिए थाना पुलिस कोर्ट कचहरी आदि का सहारा नहीं लेना चाहिए इससे जीवन में शांति की जगह अशांति ले लेती है अनावश्यक धन व समय की बबार्दी होती है इससे बचना चाहिए कमहिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी ने मीडिया को बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दो चरणों में किया गया है चेयरमैन श्री पी.के. चौधरी द्वारा पहली चरण की शुरूआत की गई। जिसमें कार्यकारिणी बैठक किया गया। इस कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली से आये सभी अध्यक्ष उपस्थित हुऐ है क उन्होंने बताया कि महिला और पुरुषों पर हो रहे लगातार अत्याचार के खिलाफ महिला विकास मंच पूरे देश में आवाज उठा रहा है।

सभी के स्वायत्ता की रक्षा ही धर्मनिरपेक्षता

प्रखर वाराणसी। हर व्यक्ति के स्वायत्ता की रक्षा ही धर्मनिरपेक्षता है.कोई भी राज्य तब तक कल्याणकारी राज्य नहीं हो सकता जबतक वह धर्मनिरपेक्ष न हो. ये विचार नवसाधना कला केंद्र में 'राष्ट्रीय एकता, शांति और न्याय ' विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन वक्ताओं ने कही. अलग-अलग सत्रों में चले शिविर में बीएचयू के प्रो.आनंद दीपायन ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब किसी धर्म के खिलाफ होना नहीं है बल्कि वह हमें दूसरे धर्म का आदर और सम्मान सिखाता है. धर्मनिरपेक्षता ही लोकतंत्र की गारंटी है.इस बात को हमें बखूबी समझने की जरूरत है. जब धर्मनिरपेक्षता कमजोर होगी तो लोकतंत्र कमजोर होगा. बीएचयू आईआईटी के प्रो.आर के मंडल ने प्रो.दीपायन की बातों को विस्तार देते हुए सवाल उठाया कि आज जब देश आजादी का अमृत

महोत्सव मना रहा है तो वो कौन से कारण है जिसके चलते पोस्टरों से देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर गायब है. उन्हें खलनायक के तौर पर क्यों पेश किया जा रहा है. हमें इस बात को समझने की जरूरत है. नेहरू कहते कि हमारा धर्म विश्वविद्यालय, कालेज ,लेबोरेटरी ,बांध और नहरों का निर्माण करना है. जबकि आज के दौर में धर्म की परिभाषा बदल गयी है. नेहरू मानते थे कि मानवीय संवेदनाओं से ही संविधान की आत्मा बचेगी. बीएचयू की प्रो.वृंदा परांजपे ने 'समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका' विषयक सत्र में कहा कि हमें अपनी ताकत पहचाननी होगी. जब तक हम अपनी ताकत नहीं पहचानेंगे तबतक बेहतर समाज का निर्माण नहीं कर सकते.शिविर में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये हुए 40 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया. शिविर की विषय स्थापना और संचालन डॉ मोहम्मद आरिफ ने किया।

पंचायत भवन में खुली बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए ग्राम प्रधान

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम पंचायत मदापुर डकही के युवा प्रधान ई, विकास यादव ने रविवार को पंचायत भवन प्रांगण में खुली बैठक कर ग्रामीणों के समस्याओं को सुना, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, समेत ग्राम सभा में तैनात सफाई कर्मी समेत ग्रामीणों के मौजूदगी में पंचायत भवन पुर खुली बैठक का आयोजन किया गया था। खुली बैठक में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को बारी बारी से प्रधान के सामने रखा, प्रधान ने ग्रामीणों की बातों को सुनकर सहूलियत के साथ नियमानुसार कार्रवाई कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। बैठक में विद्यालय के अध्यापकों की समस्याओं को सुना गया वही ग्रामीणों द्वारा साफ-सफाई पेयजल समेत अन्य मुद्दे उठाए गए जिस पर वहां मौजूद सफाई कर्मी को ग्राम सभा में शक्तिराज देकर पर्याप्त रूप से साफ सफाई रखने का निर्देश दिया ।ई0 विकास यादव ने अध्यापकों से बात करते हुए विद्यालय में पढ़ाई कर रहे बच्चों के प्रति भोजन व पड़ाई

को लेकर विद्यालय के अध्यापकों से उनकी प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी प्राप्त की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में विद्यालय के अध्यापक प्रभाकर सिंह, दुर्गा प्रसाद,वीरेंद्र, अखिलेश,सफाई कर्मी समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

दिशा सोसाइटी द्वारा सप्ताहव्यापी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 21 दिसम्बर से

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पौष मास के पावन पर्व अवसर पर सामाजिक व धार्मिक संस्था दिशा सोसाईटी द्वारा देश के प्रख्यात कथावाचक बालव्यास भागवताचार्य आकाश जी शर्मा जो श्रीमद भागवत कथा का प्रवचन 21-28 दिसम्बर 2021 को कैलाश मठ, विरदोपुर, वाराणसी में आयोजित है। उक्त जानकारी दिशा सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत पांडये बाबुल व कथा संयोजक मनोज मिश्रा मुन्ना ने कैलाश मठ में आयोजित पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कथा के प्रथम दिन 21 को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो सिद्दार्थ विहार कॉलोनी से होते हुए कैलाश मठ तक जायेगी। इसमें 101 महिलाओं द्वारा सर पर कलश के साथ, भगवान की झांकी, बैंड बाजा ,सहित शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

युवा संवाद राष्ट्रनीति-2021 का हुआ आगाज

प्रखर वाराणसी। स्वामी अतुलानन्द हिन्दू महाविद्यालय, परमानन्दपुर, शिवपुर, वाराणसी के विद्यार्थियों द्वारा दो दिवसीय युवा संवाद-राष्ट्रनीति-2021 का आयोजन किया गया, जिसके शुभारम्भ सत्र में मुख्य अतिथि के रूप प्रो0 हरिकेश बहादुर सिंह (भूतपूर्व कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, बिहार) ने सभी युवा प्रतिनिधियों का भरपूर उत्साहवर्धन कर उनमें नयी ऊर्जा व जोश का संचार किया। मुख्य वक्ता के रूप में मुनीश (सहप्रान्त प्रचारक काशी प्रान्त, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), चेत नारायण सिंह (प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं भूतपूर्व एम0एल0सी0) एवं राकेश सिंह (बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी) ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नये भारत को रचने, अपने विचारों को साझा करने एवं राष्ट्रीय चेतना के बोध को आत्मसात करने का मंत्र सिखाया। सभा में पधारे सभी अभ्यागतों एवं गणमान्य जन का स्वागत का स्वागत आयुष्मान सिंह ने किया। कार्यक्रम के आरम्भिक सत्र में विद्यार्थी अपने अतिथि वक्ता के रूप में ओजस्वी व्यक्तित्व को पाकर आह्लादित एवं उत्साहित हुए। इस युवा संवाद का आयोजन आयुष्मान सिंह, अंकुर सिंह एवं राहुल, रवि द्वारा किया गया है। संस्था के सचिव राहुल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तविक अर्थों में राजनीति राष्ट्रीय व्यवस्था एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को सुचारू एवं सुगम बनाने की सम्यक प्रणाली है, जिसके मूल्य और नीतियाँ सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के सूत्र वाक्य पर आधारित हैं। कार्यक्रम का समापन सत्र दिनांक 19 दिसम्बर 2021 को किया जाना सुनिश्चित है, जिनमें योगी सरकार के पाँच वर्षों के कार्यों की समीक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान, भारत में स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे, समान नागरिक संहिता आदि विषयों पर परिचर्चा होनी है।

न्यायालय ले जाते समय फरार अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

फरार अभियुक्त के पैर में लगी गोली पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में लगी गोली

प्रखर चंदवक जौनपुर। शनिवार को न्यायालय ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त को चंदवक पुलिस रविवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक कट्टा 315 बोर मय एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल किया बरामद किया है। पुलिस द्वारा घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

बता दे कि चन्दवक थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार रात्रि में गस्त के दौरान चोरी की योजना बनाते समय दो अभियुक्तों अजीत पुत्र त्रिभुवन राम निवासी बजरंग नगर थाना चन्दवक जौनपुर व सचिन यादव पुत्र

रम्मन यादव निवासी मझली थाना चन्दवक जौनपुर को लोहराखोर पुल के पास खाली व क्षतिग्रस्त कमरा से गिरफ्तार किया था।जिनके पास से चोरी करने में प्रयुक्त करने वाले उपकरण सरीया, चाभी का गुच्छा, पिलाश, पेचकस बरामद किया गया था । गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मामल पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय पेशी हेतु ले जाया जा रहा थे कि उसी दौरान जफराबाद रेलवे क्रासिंग पर पहुचने पर फाटक बंद था, एक अभियुक्त सचिन यादव द्वारा पेशाब करने को कहा गया उसी दौरान सिपाही को धक्का देकर भागना चाहा किन्तु उसे पकड़ लिया गया किन्तु दूसरा अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र त्रिभुवन राम निवासी बजरंग नगर थाना चन्दवक जौनपुर हथकड़ी सहित भागने में सफल हो गया, जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। अभियुक्त सचिन यादव को न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। तथा फरार अभियुक्त अजीत कुमार को गिरफ्तार करने के लिए चन्दवक पुलिस द्वारा लगातार सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी कि रविवार रात मुखबिरी से मिली सूचना पर देवलासपुर हरिहरपुर मार्ग पर खुज्जी अंडरपास के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी ।बदमाश अपने को पुलिस टीम से घीरता देख पुलिस टीम पर फायर करने लगे पुलिस द्वारा फिल्डक्राफट का प्रयोग करते हुए अपने को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की गयी!

गलन के साथ बढ़ गया ठंड, नहीं जले कहीं भी अलाव

प्रखर खेतासराय जौनपुर। व्यापारिक दृष्टिकोण से जिले के अति महत्वपूर्ण कस्बा खेतासराय में ठंड से बचाव का अभी तक कोई इंतजाम नहीं किया गया। रविवार को गलन के साथ ठंड ने जैसे ही अपना रूप दिखाना शुरू किया, हर कोई ऊनी कपड़ा जैकेट, स्वेटर से खुद को दुरुस्त करने में जुट गया लेकिन नगर पंचायत खेतासराय ने पूरे मामले में चुप्पी साध रखा है। कस्बा के प्रमुख चौराहा, स्टेशन मार्ग, दीदारगंज मार्ग समेत सभी प्रमुख वार्डों में कहीं भी अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे गरीब असहाय और मजदूर तबके के लोगों को खासी परेशानी ऊठानी पड़ी। पूरे दिन हाड़ तोड़ मेहनत करके शाम को दो वक्त की रोटी जुटाने वाले श्रमिकों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ऐसे लोगों को ठंड से बचाव के लिए कहीं पर कोई व्यवस्था नही होने से वह पूरे दिन परेशान दिखे। जिले के खेतासराय नगर पंचायत प्रशासन की इस लापरवाही पर कस्बे के प्रबुद्ध लोगों ने खासी नाराजगी जताई है। क्योंकि एक तरफ ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है। दूसरी तरफ ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है । लेकिन खेतासराय नगर पंचायत द्वारा अभी तक ठंड से बचने के लिए अलाव की कोई व्यवस्था नहीं किया जाना

से चर्चा का विषय बना हुआ है।

फोन नहीं उठाते ईओ- खेतासराय। कस्बे में अलाव न जलाए जाने और रैन बसेरा का इंतजाम पूरा न किए जाने के संबंध में इस प्रतिनिधि ने जब नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार के नंबर पर कई बार कॉल किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अलाव के लिए व्यवस्था कराई जा रही है या कोई विभागीय अड़चन है।

संक्षिप्त खबरें

पिंडरा बार का कड़ी सुरक्षा के मतदान आज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा का वार्षिक चुनाव 20 दिसम्बर को होगा। जिसमें अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व महमन्त्री पद के लिए प्रत्याशी आमने सामने होंगे। रविवार को बंदी का दिन होने के बावजूद अध्यक्ष , उपाध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार में पूरी ताकत ताकत झोंक दी। बार के मठाधीश चुनावी समीकरण बनाने में लगे रहे। पिंडरा तहसील बार चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए मनोज शुक्ला व रामभरत यादव, उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश श्रीवास्तव व सन्तोष सिंह व महामंत्री पद के लिए जयचन्द्र व राजेश कुमार सिंह में सीधा मुकाबला है ।पिंडरा तहसील बार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बच्चाल यादव व सहायक निर्वाचन अधिकारी लालबहादुर पटेल व मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि 20 दिसम्बर को मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा और अगले दिन 21 दिसम्बर को मतगणना होगी। पिंडरा तहसील बार में इस वर्ष 316 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए बार का परिचय पत्र आवश्यक है। वही सुरक्षा व्यवस्था के भी चाक चौबंद व्यवस्था होंगे। वही अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसकी घोषणा 21 को होगी।

रिटायर्ड प्रवक्ता ने असहाय लोंगो को बांटा कम्बल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के थाना गांव में रविवार को समाजसेवी व रिटार्यड प्रवक्ता दयाशंकर सिंह ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दर्जनो असहाय लोगों को कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान एडवोकेट शैलेन्द्र सिंह मीनू, कुँवर सिंह, शिक्षक पप्पू गिरी, महेंद्र सिंह, विजय पांडेय, एजाज खा, अरविंद, निजाम, सचिन सिंह, रवि गुप्ता, मोती समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

अमूल की योजना सपा सरकार की देन- पूर्व सांसद

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अमूल प्लांट लगाने की योजना सपा के कार्यकाल में बनी थी। कानपुर और करखियाव में प्लांट खोलने के लिए तैयारी पूरी थी। जिसमे कानपुर चालू हो गया लेकिन यहाँ के किसानों के कोर्ट में जाने के कारण लटका गया था और कोर्ट का निर्णय आने पर आज शुरू हो पाया। उक्त बातें करखियाव के ही निवासी व सपा से तीन बार सांसद रहे तूफानी सरोज ने कही। उन्होंने कहाकि भाजपा विकास की नही बल्कि शिलान्यास पार्टी बन चुकी है। विकास के पांच काम भी नही कर पाई है उसके उलट सरकारी कम्पनियों को बेचने का काम किया। दूसरे के काम को अपना काम बताने का प्रोपोगंडा फैला रही है। 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार करोड़ो को नौकरी से निकाल रही है। अमूल प्लांट के शिलान्यास पर पीएम को शुभकामना देते हुए कहाकि इससे जरूर क्षेत्र का विकास होगा लेकिन यह सपा की देन है इसे भी भाजपाइयों को स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहाकि सपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने इस पर धन भी खर्च किया था। यह किसानों के विवाद के कारण नही बन पाया और कानपुर बन गया। उन्होंने भाजपा को हिन्दू मुस्लिम को बांट कर जीत की राह पर चलनी चाहती है।

सपा ने चलाया झंडा लगाओ अभियान

प्रखर तमकुहीराज, कुशीनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यकताओं, समर्थकों व शुभचिंतकों के घरों व वाहनों पर झंडा लगाओ अभियान के तहत पूर्व विधायक नन्दकिशोर मिश्र के द्वारा विधानसभा तमकुहीराज के दनियाडी, कोइंदहा, गड़हिया चिन्तामन, भगवानपुर, घघवा, भावपुर सहित दर्जनों गॉवों में पार्टी का झंडा लगाने का कार्यक्रम संपन्न कराया साथ ही समाजवादी पार्टी के नीतियों को बताते हुए श्री मिश्र ने कहा कि समूचा प्रदेश अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए फिर से एक

बार मन बना रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध, महंगाई व बेरोजगारी आज चरम पर है।सरकार रोजगार व नौकरियॉ न देकर मुफ्त में राशन दे रही है। जनता के दिए पैसों को जनता के लिए न प्रयोग कर विज्ञापनों में पानी की तरह पैसा बहा कर स्वयं की पीठ थपथपा रही है। जगह जगह अब उद्घाटनों का दौर जारी है लेकिन जमीनी सत्यता यही है कि अभी कही भी काम पुरा नहीं हुआ है। जनता को सिर्फ ठगने का कार्य किया है। यदि उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रदेश की बागडोर को अखिलेश यादव के हाथ में सौंपा तो निश्चित ही प्रदेश का विकास होगा। रोजगार का सृजन होगा, महंगाई पर अंकुश लगेगा। इस दौरान सुभाष यादव, आयुष तिवारी, राघव तिवारी, मकसूद अंसारी, हरेंद्र यादव, लखन राय, अरविन्द पाठक, देवीलाल यादव, विवेक मिश्र, प्रियांशु मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं